अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C
सेंसेक्स 73,730.23
निफ्टी 22,337.30
सोना 88,910
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 6 मार्च 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 102 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 5 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।

# केंद्र ने दी केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र का फैसला, उत्तराखंड को मिला रोप-वे का तोहफा

**नई दिल्ली/देहरादून।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थित तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोप-वे परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिली है।

इस परियोजना को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोप-वे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (थ्री एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी। रोप-वे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी,

-शेष पृष्ठ दो पर

## शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को पीएम करेंगे प्रोत्साहित

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (आज) को उत्तरकाशी जनपद में दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे में उत्तराखंड चार धाम शीतकालीन तीर्थाटन, पर्यटन एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे मुखबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न 10:30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

## पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ के कार्यक्रम को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपये की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

## डीआरआई ने किया बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।

# भारत और चीन पर दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे



वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा है कि चीन और भारत पर दो अप्रैल से उच्च टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण भाषण में टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया। अ

मेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी आयातों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। भाषण के दौरान भारत का जिक्र करते हुए ट्रम्प ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है। यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में, बहुत बड़ा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनका उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। अमेरिका पर 'भारी' टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अनुचित है। हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज्यादा है। उन्होंने घोषणा की कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल्स डे' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को, मैं इसे एक अप्रैल बनाना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता था कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में टैरिफ लगाए जाए। यह बहुत ज्यादा पैसा है। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे, वे हम पर जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे, पारस्परिक आगे-पीछे। अगर वे हमें बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं लगाएंगे।

### प्रभावित होगा भारत का माल व्यापार अधिशेष

भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।

अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं। अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकॉम उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफ को जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

# औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें अच्छे से होगा उपचार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सीएम ने सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर पार्टी को आड़े हाथों लिया
- कहा: सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हें उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए, ताकि उनका उपचार हो सके।

विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।



## अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 352,351(2), 338,336(3), 340(2), 111 और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 1984 की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है।




## अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन नौ अगस्त को संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां राजभवन में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, डीसी रैना, कैलाश मेहरा साधु, केएन राय, पीतांबर लाल गुप्ता, डा. शैलेश रैना और प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री, श्राइन बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बोर्ड ने अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के परंपरागत बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा।

## मायावती ने भाई आनंद को भी किया पद से मुक्त

**लखनऊ।** पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने श्री कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से उनकी इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्री आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

# राहुल गांधी पर 200 रुपये का लगा जुर्माना


शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता पर कोर्ट में हाजिर न होने पर लगा अर्थदंड

**लखनऊ।** उप्र के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांडेय को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। एसीजेएम कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही वार्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपये का जुर्माना लगाया।

# तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किए। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में आएगा बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

### सूचना के आदान-प्रदान के लिए डैशबोर्ड, एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आयोग द्वारा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में इस योजना का निर्णय किया गया। दिन की बैठक की समाप्ति पर बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन के निर्णयों और मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी किए गए चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार (चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में) पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार क्षमता निर्माण के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। इस वीडियो के माध्यम से प्रत्येक हितधारक अपने काम के बारे में निरंतर सीख ले सकेगा। बयान में कहा गया है कि चुनावों में प्रणाली को दक्ष बनाने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और विश्वास के अनुरूप विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक समुचित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी तैयार की जाएगी। सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के इनपुट और आउटपुट प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। आयोग ने कहा कि इससे पदाधिकारियों के बीच सुचारू रूप से संवाद-सम्पर्क होगा और मानवीय त्रुटि की संभानाएं कम होंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटो कापी से लगाया करोड़ों का चूना

**नई दिल्ली।** फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी का इस्तेमाल कर डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। धंधे में शामिल लोग डाक राशि का भुगतान किए बिना ही नकली फ्रैंकिंग इंप्रेशन स्लीप लगाकर खेप बुक करते थे। विशेष न्यायालय (पीएमएलए) ने अभियोजन शिकायत का संज्ञान लिया है। मूल्य देय डाक (वीपीपी) भारतीय डाक सेवाओं द्वारा दी जाने वाली एक सेवा है। यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सामान प्राप्त करने वाला व्यक्ति सामान प्राप्त करने के बाद ही उसके मूल्य का भुगतान करता है। मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्रा. लिमिटेड और उसके निदेशकों ने डाक विभाग के माध्यम से उनके द्वारा भेजे गए वास्तविक पार्सल को छिपाने के लिए, मूल फ्रैंक इंप्रेशन की रंगीन फोटोकापी को फिक्स कर, उस अवधि के दौरान कंपनी की बिक्री/कारोबार को काफी कम बताया। उक्त अपराध को अंजाम देकर मेसर्स प्रिशा पर्ल्स ने डाक विभाग को 7.66 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा दिया। ईडी ने मेसर्स प्रिशा पर्ल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए हुमायूं नगर उप-डाकघर के अधिकारियों और अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ सीबीआई, एसीबी, हैदराबाद द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

### बारामूला में पुलिस चौकी पर हमला कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार रात एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि चार मार्च को रात करीब 9.20 बजे बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस दलों ने सहयोगी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस चौकी की पिछली दीवार के बाहर से ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था। ग्रेनेड ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के अंदर गिरा और उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### सपा नेता अबू आजमी विस के बजट सत्र के अंत तक निलंबित

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी नेता एवं विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र के अंत तक निलंबित कर दिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा का बजट सत्र 26 मार्च को समाप्त होगा। राज्य के मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को निचले सदन में आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया था। सदस्यों ने तर्क दिया कि औरंगजेब की प्रशंसा करना मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान है। प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई। आजमी ने हालांकि टिप्पणी करने के बाद इसके लिए माफी मांगी थी। मुंबई और ठाणे में उनके खिलाफ कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

# यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर: परवेश

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जल मंत्री ने यमुना सफाई अभियान का निरीक्षण किया

दिल्ली के जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने बुधवार को कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सरकार गंभीर है और तीन साल में यमुना के पानी का रंग बदकर दिखायेंगे।

सिंह ने बुधवार को यमुना की सफाई अभियान का निरीक्षण किया और दावा किया कि जल्द ही यमुना नदी में बदलाव देखने को मिलेगा और तीन साल में इसके पानी के रंग को बदलकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यमुना में गिरने वाले सारे नालों के ऊपर लगे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता को बढ़ाया जाएगा और नए एसटीपी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार को यमुना सफाई की कभी चिंता नहीं थी। उनका काम केवल अपने काम के लिए दूसरे को जिम्मेदार ठहराने का रहा है। दिल्ली सरकार के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय भी यमुना की सफाई पर चिंता और निगरानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कभी यमुना की चिंता नहीं थी, केवल राजनीति करते थे। उनका पूरा जोर अब पंजाब में अपनी सरकार बचाने पर है। अब वह राज्यसभा से आते हैं या पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे यह आने वाले दिनों में पता चलेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने कितने पाप किए वे धीरे धीरे खुलेगें। दिल्ली वालों के टैक्स की चोरी हुई। जिस प्रोजेक्ट को एक साल में पूरा होना था उसे पूरा होने में तीन साल लग गए जिसे पैसे का नुकसान हुआ।

# आईआरएफसी अब बनेगा 'महारत्न': सीएमडी मनोज दुबे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सीएमडी ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, कहा- अब कंपनी में काम करने की अधिक आजादी मिली

केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में नवरत्न का दर्जा प्राप्त भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने अब एक साल के भीतर महारत्न की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया है।

आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज दुबे ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कंपनी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कंपनी को काम करने की अधिक स्वायत्तता मिल गई है। अब आईआरएफसी रेलवे के ईकोसिस्टम में योगदान करने वाली किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करेगी और ज़ीरो एनपीए की शर्त पर सस्ता ऋण मुहैया कराएगी। इनमें रेलवे को आपूर्ति करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं, रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा आदि प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। दुबे ने कहा कि नवरत्न बनने के बाद अब हमारा लक्ष्य महारत्न कंपनी बनना है। संभवत: अगले वर्ष ही हम उन मानकों को पूरा कर लेंगे, जो महारत्न की श्रेणी के लिए जरूरी हैं। एक प्रश्न के उत्तर में दुबे ने कहा कि नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना आईआरएफसी की वित्तीय मजबूती और भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतिलबब है। यह मान्यता हमें अपनी क्षमताओं का और अधिक विस्तार करने और राष्ट्र के विकास में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। दुबे ने कहा कि हम पूंजी-गहन रेलवे परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक लागत प्रभावी वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा रेलवे इकोसिस्टम पूंजीगत व्यय (केपेक्स) में वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, जो माल बुलाई और यात्री आवागमन दोनों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की मांग को पूरा कर रहा है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, आईआरएफसी बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए संसाधन जुटाने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व और 6400 करोड़ रुपए से अधिक के कर-पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसी प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां के मामले में भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी चुका है। आईआरएफसी की स्थापना 12 दिसंबर, 1986 को एक शत-प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में की गई थी और इसने भारतीय रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ वर्षों में, यह एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में विक. सित हुआ है, जिसे 1993 में कंपनी अधि. नियम के तहत एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के रूप में, 1998 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में और बाद में 2010 में एक एनबीएफसी-इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी-आईएफसी) के रूप में पंजीकृत किया गया। मार्च 2018 में, इसे मिनी-रख श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया। कंपनी को जनवरी 2021 में 26 रुपए के आईपीओ मूल्य पर स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध किया गया था, जो अब बढ़कर लगभग 115 रुपए हो गया है। आईआरएफसी ने भारतीय रेलवे के लगभग 80 प्रतिशत रोलिंग स्टॉक के वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: योगी

# युवाओं को देंगे रोजगारपरक शिक्षा: सीएम

**लखनऊ, वार्ता**



■ शिक्षा और स्वास्थ्य मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक
■ विद्यालयों में सुविधाओं को दो हजार करोड़ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं और बजट प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। योगी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मानव पूंजी का महत्वपूर्ण कारक माना जाता है और सरकार इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत 580 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल से जोड़ने के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स को बढ़ावा देने के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। वाराणसी और आगरा में साइंस सिटी और नक्षत्रशाला की स्थापना के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्एक जिले की विशेषताओं और संभावनाओं के अनुरूप रोजगार सृजन की दिशा में कार्य कर रही है।

इसी कड़ी में हर जनपद में 100 एकड़ क्षेत्र में एक विशेष 'आर्थिक ज़ोन' विकसित करने के लिए धनरा. शि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, 10 संत कबीर वस्त्र उद्योग पार्क और दो संत रविदास लेदर पार्क स्थापित किए जाएंगे।

### उप्र विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अनिश्चितकाल को स्थगित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 18 फरवरी से शुरु हुआ विधानसभा का बजट सत्र दस कार्य दिवसों में संपन्न हुआ जिसमें सदन की कार्यवाही 73 घंटा 19 मिनट चली। इस दौरान किन्ही कारणों से तीन घंटा 36 मिनट सभा स्थगित रही जबकि 69 घंटा 43 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सत्र के दौरान सरकार ने 20 फरवरी को आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपए का बजट सदन के पटल पर रखा और सत्र के अंतिम दिन बुधवार को बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान 25 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी सदस्यों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था।

### नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा: शिवपाल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी महंगाई, बेरा. जगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। विधानभवन में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर उन्होंने कि सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है। इनका काम ही नाम बदलना है। इन्हें महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है। उन्होंने कहा कि अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है। उन्होंने कहा कि संभल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी। श्री यादव ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में एक्स पर पोस्ट किया- विधानसभा में 'चाचा-चाचा' की गूंज दिन-रात, न नीति की बात, न विकास पर कोई सौगात। जनता देख रही ये खेल निराला, मुद्दों से भागने का अंदाज़ निराला। सत्ता की कुर्सी मिली तो धर्म का सहारा, पर काम के नाम पर बस जुमलों का पसारा। चाचा कहकर सियासत चमकाते रहोगे, या कभी प्रदेश का हाल भी बताओगे।

# इग्नू समारोह में तीन लाख से ज्यादा डिग्री व डिप्लोमा दिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 58 देशों में सबसे बड़ा विवि है इग्नू: प्रधान

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व. विद्यालय (इग्नू) ने बुधवार को 38वां दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को तीन लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और इग्नू बिरादरी को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 1985 में स्थापना के बाद से, इग्नू ने शिक्षा को किफायती, लचीला और समावेशी बनाकर इसमें क्रांति ला दी है। 35 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 58 देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ, इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा हाशिए के समुदायों सहित सभी तक पहुंचे। इसकी उत्कृष्टता एनआईआरएफ 2024 में ओपन यूनिवर्सिटीज में इसकी शीर्ष रैंकिंग में परिलक्षित होती है।यी प्रधान ने नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें कामकाजी पेशेवरों, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए अनुकूलित विविध कार्यक्रम हैं। भारत के जनसांख्यिकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते डिजिटल शिक्षा का विस्तार करना चाहिए, वैश्विक सहयोग को मजबूत करना चाहिए और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना चाहिए।

## अर्थ व्यापार अर्थ व्यापार अर्थ व्यापार

# अमेरिकी टैरिफ में राहत के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ में राहत दिए जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.66 प्रतिशत उछलकर 39,751.73 अंक और स्मॉलकैप 2. 80 की बढ़ोतरी लेकर 44,538.20 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3247 में तेजी जबकि 768 में गिरावट रही वहीं 86 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां हरे जबकि अन्य चार लाल निशान पर बंद रहीं। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लटनिक ने संकेत दिया है कि ट्रम्प सरकार कुछ टैरिफ में राहत दे सकती है, खासतौर पर कनाडा और मैक्सिको से आने वाले उत्पादों पर टैक्स में कटौती संभव है। इस घोषणा के बाद वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे भारतीय बाजार में भी तेजी आई। ट्रम्प प्रशासन की नीतियों जवाब में चीन द्वारा घोषित राहत पैकेज के कारण चीनी और जापानी बाजारों में मजबूती देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा, जिससे सकारात्मक सेंटीमेंट बना रहा। इसके साथ ही अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए भारी टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इससे भारतीय कृषि उत्पादों, मशीन टूल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और लेदर प्रोडक्ट्स की अमेरिकी बाजार में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारत को व्यापारिक लाभ मिल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 15 अंक बढ़कर 73,005.37 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,894.05 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अमृतसर में 23 किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला के देवी दासपुरा गांव से 23 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह खेप अमेरिका स्थित तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लक्की द्वारा संचालित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है। इस मामले में, खेप को मंगाने वाले देवी दासपुरा गांव के आरोपी साहिलप्रीत सिंह उर्फ करण को नामजद किया गया है। उसे गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। डीजीपी ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े और लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। डीआईजी बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह ने एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नाकाबंदी में पुलिस टीमों को एक विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि आरोपी साहिलप्रीत ने सीमा पार से हेरोइन की खेप मंगाई है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4635 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी:** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300- 7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8200-8300 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300- 4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केंद्र सरकार...** क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग आठ से नौ घंटे से घटाकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोप-वे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोप-वे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय किया जाता है। प्रस्तावित रोप-वे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवम्बर) तक लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

■ 3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किए गए इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और महत्वाकांक्षाओं की जांच की, जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया। लगभग 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपने व्यवसायों के आधार पर अपने और अपने परिवारों के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, 61 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 54 प्रतिशत ने आत्मविश्वास और वित्तीय आत्मनिर्भरता में वृद्धि की बात कही। महिला उद्यमियों ने अपने समुदायों को भी प्रभावित किया, 67 प्रतिशत ने अन्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त बनाया, 50प्रतिशत ने कर्मचारियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया, और 47प्रतिशत युवा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए रोल मॉडल बनाया। 70 प्रतिशत महिला व्यवसाय मालिक स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के आधार पर व्यवसाय शुरू करती हैं। भारतीय महिला व्यवसाय मालिकों की उद्यमशीलता की यात्रा काफी हद तक स्व-प्रेरित है, जिसमें 70 प्रतिशत ने स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के परिणामस्वरूप अपना व्यवसाय शुरू किया। शेष उत्तरदाताओं को उनके जीवनसाथी और परिवार के सदस्यों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इसने अवसर-संचालित उद्यमशीलता की ओर एक मजबूत बदलाव को उजागर किया। क्योंकि महिलाएँ अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित थीं। भारत में महिलाएं उद्यमिता को सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के मार्ग के रूप में देख रही हैं। लगभग 66प्रतिशत ने अपने उद्यम को कैरियर के अनुभव और महत्वाकांक्षा, या वित्तीय स्वतंत्रता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना के आधार पर शुरू किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बच्चे के थप्पड़ मारने पर दो पक्षों में बवाल

## भगदड़ में महिला समेत कई घायल, दरोगा की तहरीर पर सात नामजद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तारावीह की नमाज के दौरान शोर मचा रहे बच्चे को थप्पड़ मारने पर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। भगदड़ में महिलाओं समेत दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शान्त कराया। दरोगा की तहरीर पर सात नामजद के अलावा 25-30 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मंगलवार रात की घटना शहर के मोहल्ला झंडा शहीद की है। ईशा की नमाज के बाद यहां स्थित एक मस्जिद में लोग तरावीह की नमाज पढ़ रहे थे, जिसमें मोहल्ले के बच्चे भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि नमाज के दरमियान कुछ बच्चे शोर मचाने लगे तो मोहल्ले के ही युवक ने एक बच्चे को डांटते हुए थप्पड़ लगा दिया। उस समय तो मामला शांत रहा लेकिन नमाज संपन्न होने के बाद इसी बात को लेकर मोहल्ले के अरबाज व अनस के बीच कहा. सुनी बढ़ गई। बात इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते दोनों पक्षों ने मोर्चे संभाल लिए। एक-दूसरे पर हमला बोलने के बाद जिसके हाथ में जो



चीज हाथ में आई वह सामने वाले पर हमलावर होता रहा। इतनी ही देर में दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। पत्थरबाजी से मोहल्ले में भगदड मच गई, महिलाएं भी मारपीट व पथराव में शामिल रहीं।

### ■ 25-30 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

सड़क के दोनों ओर वाहन थम गए। बवाल की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई लेकिन संभलने के बजाय हालात बेकाबू होते रहे। दोनों पक्षों के लोग पुलिस की मौजूदगी में भी पथराव व मारपीट करते रहे। बाद मे कोतवाली से अतिरिक्त फोर्स मंगा कर बिगड़ती स्थिति को संभाला गया। घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनका शहर सीएचसी में उपचार कराया गया। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया। किसी ने पथराव का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले दारोगा मुश्ताक खां की तहरीर पर मोहल्ला चाहगौरी निवासी अरबाज, शहाना, अबान, आमिर, जाहिद, अनस, आसिफ को नामजद किया गया है। जबकि 25-30 अज्ञात पर भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। माहौल खराब करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।







# बुलंदशहर हादसे में मजदूर की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी मजदूर की बुलंदशहर में सड़क हादसे में मौत हो गई। खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिलखन वाली मिलक निवासी कलुआ अपने बेटे दीपचंद के संग बुलंदशहर के सिकंदराबाद के नजदीक दरियापुर गांव में एक किसान के यहां मेहनत मजदूरी करता था। वह खेत में झोपड़ी डालकर रहता था। बेटे दीपचंद के मुताबिक मंगलवार शाम कलुआ बाइक से राशन लेने दरियापुर जा रहे थे। इस दौरान बुलंदशहर देहात थाना क्षेत्र में वेगनर कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। 48 वर्षीय कलुआ की मौके पर मौत हो गई। खबर लगते ही गांव में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जा रहा है। कलुआ के परिवार में पत्नी राजकली व 7 बच्चे हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेल सामग्री न बांटने पर एबीएसए का वेतन रोका

## डीएम ने किया पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बच्चो के बीच खेल सामग्री का वितरण न करने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते खण्ड शिक्षा अधिकारी के वेतन पर रोक लगा दी है।

डीएम निधि गुप्ता वत्स ने नन्हेड़ा अल्यारपुर स्थित पीएम श्री संवि. लियन विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने जिस कमरे में खेल सामग्री रखी थी वहां प्रत्येक बॉक्स को खुलवाकर देखा। डीएम ने सामग्री का वितरण न होने पर नाराजगी जतायी तथा खंड शिक्षा अधिकारी के वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिये। इसके अलावा लापरवाही बरतने पर पूर्व हेड मास्टर पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानाचार्य वरेशलाल द्वारा सरकार से प्राप्त धनराशि से कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। जिस पर डीएम ने उन्हें फटकार लगायी। उन्होने कहा कि बच्चों को गुणवत्तपूर्ण शिक्षा तथा खेल में निपुण बनाने के लिए सामग्री प्राप्त है। उन्होने निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष, बाल वाटिका, दिव्यांश शौचालय का निरीक्षण भी किया। जर्जर भवन का मूल्यांकन कर ध्वस्त किये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम ब्रजपाल सिंह, बीएसए मोनिका भी मौजूद रहीं।







# सड़क पार करते महिला को वाहन ने रौंदा

## इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क पार करते समय महिला को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बगैर कार्रवाई मृतका को सुपुर्दे खाक कर दिया।

मंगलवार देर शाम हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव असगरीपुर में हुआ। यहां पर जाबिर अली का परिवार रहता है। पेशे से किसान जाबिर अली की पत्नी हमस. ीरन बेगम मंगलवार शाम गांव में रिश्तेदार के घर गई थीं। रात करीब 8 बजे वहां से अपने घर वापस लौट रही थीं। जैसे ही हमसीरन ने सड़क पार की तो संभल की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गईं। हादसा होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए, घायल हमसीरन को निजी अस्पताल में ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार सुबह मृतका को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने हादसे की जानक. ारी होने से इनकार किया है।

# वाद-विवाद व बैतबाजी प्रतियोगिता का आयोजन

## अब्दुल कलाम अवार्ड से सम्मानित होंगे प्राचार्य वीर वीरेन्द्र




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज के द्वितीय युवा महोत्सव के तीसरे दिन वाद विवाद, बैतबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कालेज में 21वीं सदी में सोशल मीडिया शिक्षा में उपयोगी या हानिकाकरक तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शन में उपयोगी या प्रबंध विषय पर पक्ष विपक्ष तथा तार्किक एवं सागर्भित विचार रखे गये। रोहन सैनी, सुबशरा ने सोशल मीडिया पर विपक्ष जबकि खुशी, नीशू व अक्शा ने पक्ष में अपने विचार रखे। अलतमश व सरिया ने नई शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य प्रोफेसर वीर विरेन्द्र सिंह ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली टीमों को बधाई तथा विद्यार्थियों की सराहना की। प्राचार्य को दिल्ली विश्वविद्यालय दीन दयाल कालेज एपीजे अब्दुल कलाम नेशनल डैडिकेशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जायेगा। प्रभारी डा. मौहम्मद तारिक ने बताया कि बैतबाज में जॉन एलिया, मजाज लखनऊवी, रघुपति सहाय, फिरोज गोरखपुरी व मिर्जा गालिब समेत चार टीमों के बीच मुकाबला हुआ। कल (आज) सुबह दस बजे काव्य उत्सव व सांय के समय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।







# प्रेमिका की बेटी से रेप में बीस साल की सजा

## अदालत ने 40 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रमिका की बेटी से बलात्कार के दोषी को कोर्ट ने बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते चालिस हजार का अर्थदण्ड भी लगाया है। जुर्माने की राशि में से तीस हजार रूपये पीड़िता को दिये जाने के निर्देश दिये हैं।

घटना हसनपुर कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले में 19 नवम्बर 2022 को घटी। यहां की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके घर वसीम पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला रेतिया लालबाग संभल अड्डे का आना जाना था। इस बीच दोनों के बीच घनिष्ठ संबंध हो गये। तीस सितम्बर को दोपहर करीब दो बजे पीड़िता हसनपुर बाजार गयी थी। घर में उसकी नाबालिग बेटी थी। तभी वसीम घर आया तथा नाबा.

### ■ जुर्माने की रकम में से तीस हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश

लिग के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। साथ ही धमकी दी कि यदि किसी से घटना के बारे में जिक्र किया तो जान से मार देगा। जब उसकी मां घर पहुंची तो बेटी को डरा सहमा देख कुछ शक हुआ। पूछताछ करने पर पूरा मामला पीड़िता ने बता दिया। महिला ने कोतवाली में धारा 452, 506, 376 व 3/4 पोस्को एक्ट में आरोपी वसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि आरोपी पत्र न्यायालय में दाखिल किया। जबकि वसीम को उच्च न्यायालय से जमानत मिल गयी। यह मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश पोस्को द्वितीय अरविंद कुमार शुक्ला की अदालत में विचाराधीन था। आज मुकदमे में सुनवाई करते जज ने दोषी को बीस साल की सजा व चालिस हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया है। जुर्माने की राशि में से तीस हजार रूपये पीड़िता को देने के आदेश दिये गये हैं। जबकि दोषी को कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार त्यागी ने पैरवी की।

# फैक्ट्री में चोरी के दोषी को 2 साल 11 माह की सजा

## कोर्ट ने 1500 रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया

**अमरोहा।** फैक्ट्री में चोरी करने वाले दोषी को कोर्ट ने 2 साल 11 महीने 12 दिन कैद की सजा सुनाई। 1500 रुपये का अर्थदंड लगाया। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित एक फैक्ट्री की थी। 21 गई 2021 की रात चोरों ने दीवार काटकर फैक्ट्री से तांबे और पीतल की छड़ चोरी कर ली थी। जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी। घटना को अंजाम देने वाले चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में हसनपुर के मोहल्ला कालाशहीद के रहने वाले कल्लू कसाई उर्फ हुमायूं को गिरफ्तार कर चालान किया था। फिलहाल, वह जमानत पर था। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय ईश्वर सिंह की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार वशिष्ठ ने की। मंगलवार को कोर्ट में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने बब्बू को दोषी करार दिया। दो साल 11 महीने 12 दिन की जेल तथा 1500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

## एक नजर

### महिला की दुकान से गल्ला बाहर फेंका



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के मोहल्ला अंबेडकरनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर दो युवकों पर गाली गलौच करने और गल्ला आदि बाहर फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। जानकारी के अनुसार महिला मीना देवी पत्नी का आरोप है कि मौहल्ला चौहानपुरी निवासी दो युवकों ने उसकी दुकान पर पहुंचकर गाली गलौच की। जब मीना ने उसका विरोध किया तो उसने मीना की दुकान में रखा लकड़ी का बना गल्ला उठाकर बाहर फेंक दिया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी। महिला का आरोप है कि पथराव भी किया। महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पुरानी रंजिश में प्रधान पुत्र पर जानलेवा हमला

**हसनपुर।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने प्रधान के घर पर चढ़ाई कर उसके पुत्र व रिश्तेदार पर जानलेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया गया है। गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी प्रधान भूप किशोर सिंह के घर पर मंगलवार की रात गांव के तीन दबंगों ने चढ़ाई कर दी। तब तक प्रधान कुछ समझ पाता उससे पहले ही दबंगों ने प्रधान पुत्र सनी वह रिश्तेदार शिवओम पर हमला बोल दिया। प्रधान पुत्र के सर पर दबंगों द्वारा जब धारदार हथियार मारा गया तो वहां से खून का फवारा बाहर को निकल आया। उसके बाद दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। कुछ देर में वहां पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। बुधवार की सुबह घायल कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर प्रधान से पुरानी रंजिश रखे हुए हैं। जिसके चलते उन्होंने वारदात को अंजाम दिया है।

### पिता-पुत्र के साथ मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**मंडी धनौरा।** दुकान के सामने खड़े पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी गई। जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला कटरा में इरशाद मंसूरी की दुकान है। सोमवार रात वह अपने बेटे अजनम इरशाद के साथ दुकान के सामने खड़े थे। तभी वहां पहुंचे मानू, सलाउद्दीन व शानू ने इरशाद के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध जताने पर आरोपियों ने मारपीट की। पीड़ित ने इस बाबत थाना पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# बंदरों के हमले में युवती छत से गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** होली दहन के लिए छत पर पुरगले बना रही युवती पर बंदरों के झुंड ने हमला बोल उसे जगह-जगह से काटते हुए छत से नीचे गिरा दिया। निजी चिकित्सक के पास उपचार किया जा रहा है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान लाल मस्जिद निवासी 18 वर्षीय युवती वैशाली बीते छत पर होली दहन के लिए गोबर से पुरगले बना रही थी। इस दौरान छत पर बंदरों का झुंड आ गया तथा युवती पर हमला बोल दिया। युवती ने बंदरों से बचने का काफी प्रयास किया। लेकिन उन्होंने उसके शरीर पर कई जगह काट लिया। युवती ने बंदरों से बचना चाहा तो उन्होंने उसे छत से नीचे गिरा दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई। परिजनों ने युवती को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास भर्ती करा दिया। इस समय शहर में बंदरों का आतंक है। खूंखार हो चुके बंदर महिलाओं एवं बच्चों पर हमला कर उन्हें काट लेते हैं। नागरिकों द्वारा नगर से बंदरों को पकड़े जाने की मांग प्रशासन से की जाती रही है। लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बंदरों का आतंक बना हुआ है। जिस तरह से बंदरों की तादात लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में स्थिति और विकट हो सकती है।

# समाधान न निकला तो जारी रहेगा आंदोलन

## भाकियू असली ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंप शम्भू बार्डर व खनौरी बार्डर पर चल रहे किसानों के धरने को सौ दिन पूरे होने पर समस्याओं के समाधान की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि किसान आंदोलन पार्ट 2 संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा पिछले सौ दिनों से खनौरी बार्डर, शम्भू बार्डर पर एमएसपी को गारंटी कानून बनाने व किसानों के ब्याज सहित कर्जमाफी आदि मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। कई बार सरकार से इस बारे में वार्ता हुई परन्तु आज तक समाधान नहीं निकला है। जगजीत



सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को सौ दिन पूरे हो चुके हैं। 19 मार्च को किसानों की उपरोक्त मांगों को लेकर केन्द्र सरकार से वार्ता होगी। यदि उसमें समाधान नहीं निकला तो संयुक्त मोर्चा अपना आंदोलन जारी रखेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में डूंगर सिंह, नरेश कुमार, सुरेश यादव, खचेडू सिंह, कलुवा खां, लोकेश सिंह, खेमपाल सिंह, जसपाल सिंह, प्रकाश शर्मा, गंगासरन सैनी शामिल रहे।

# अवैध रूप से संचालित ईट भट्टों पर रोक लगे

## शिकायतकर्ता ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। बिना एनओसी प्रमाण पत्र द्वारा चलाये गये जा रहे ईट भट्टों पर रोक लगाये जाने की मांग को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। शिकायतकर्ता ने पर्यावरण संरक्षण व जीव जन्तुओं के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला लकड़ा निवासी राजीव पुत्र ओमकार ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को शिकायती पत्र सौंपा। उनका कहना है कि जिले में दो दर्जन से अधिक भट्टे बिना एनओसी प्रमाण पत्र के चलाये जा रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर की सहमति प्रमाण पत्र व खनन विभाग, विनिमय शुल्क के बिना लगभग 60 भट्टों का संचालन किया जा रहा है। हसनपुर सेंचुरी में मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र स्थित रश्मि ईट उद्योग पेलीतगा, सुबोध ईट उद्योग आजमपुर, चौधरी ईट उद्योग ततारपुर कैसरा, प्रजापति ईट उद्योग अहरौला तेजवन, लक्ष्मी ईट उद्योग चुचैला कलां आदि गांवों में करीब बीस भट्टे पिछले कई वर्षो से बिना एनओसी से संचालित किये जा रहे हैं। उनका आरोप है कि सत्तारूढ पार्टी के नेता अपनी जेब गर्म कर इन भट्टों का अवैध संचालन करा रही है। जबकि प्रदूषण व खनन अधिकारी भी इस खेल में शामिल हैं। उच्च न्यायालय व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की खुलेआम अवमानना की जा रही है। भट्टों से होने वाले प्रदूषण से जीव जन्तुओं, आम लोगों में लगातार बीमा. रियां बढ़ती जा रही हैं।

# भाजपा नगर अध्यक्ष व बेटे पर जानलेवा हमला

## दिनभर तहसील में जुटे रहे भाजपाई, एक आरोपी का शांतिभंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भाजपा नगर अध्यक्ष व उनके बेटे पर जानलेवा हमला व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन नाम दर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जबकि एक युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। एसडीएम के जमानत न देने पर उसे जेल भेज दिया गया। वहीं भाजपा नेता के साथ हुई घटना से तहसील परिसर में भी दिनभर भाजपाइयों का जमावड़ा लगा रहा।

भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष व उनके पुत्र के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र होकर थाने पहुंच गए थे उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर तीन नाम दर्ज व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि एक युवक को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपाई तहसील पर एकत्र हुए और मंडलाध्यक्ष के साथ मारपीट करने वाले युवक को जेल भेजने की मांग करने लगे यहां भाजपाइयों का दिनभर जमावड़ा लगा रहा। एसडीएम




न्यायालय से शांति भंग के आरोपी को जमानत न मिलने पर उसे जेल भेज दिया गया। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल का आरोप है कि मंगलवार की रात वह अपने पुत्र के साथ अपने निर्माणाधीन मकान पर गए थे वहां पहले से ही घात लगाए बैठे सुनील त्यागी, आकाश त्यागी, सुधीर त्यागी व दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनपर व उनके पुत्र पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया बीच बचाव में आया उनका पुत्र नव अग्रवाल भी घायल हो गया देश में गौरव अग्रवाल को गंभीर चोट आई है शोर सराव सुनकर

### तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

मोहल्ले के लोग आ गए जिन्हें देखकर लोग तमंचे लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ स्वेताभ भास्कर ने बताया कि इस मामले में गौरव अग्रवाल की तहरीर पर सुनील त्यागी पुत्र सूरज त्यागी, आकाश त्यागी पुत्र सुनील त्यागी, सुधीर त्यागी पुत्र सूरज त्यागी निवासीगण मोहल्ला विजयनगर व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि सुनील त्यागी का शांति भंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया गया यहां न्यायालय से जमानत न मिलने पर जेल भेज दिया गया हैं। उधर भाजपा नेता के साथ मारपीट की जानकारी पर पालि. काध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जिलाउपाध्यक्ष शरद गर्ग के साथ ही दिनभर तहसील में भाजपाइयों का जमावड़ा लगा रहा

# पुरानी रंजिश में युवक को घेरकर पीटा

## गांव छोड़कर नगर में रहने लगा था पीड़ित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रंजिश इस कद्र बढ़ी कि आखिर में गांव छोड़ना पड़ गया। युवक ने ससुराल आना-जाना भी बंद कर दिया। बावजूद इसके दुश्मनी मानने वाले लोग खून के प्यासे ही रहे। अब फिर युवक को घेरकर मारपीट की गई। पीड़ित ने मामले में शहर कोतवाली में रिपोर दर्ज कराई है।

मूल रूप से हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव शब्दलपुर शुमाली निवासी पुष्पेंद्र वर्तमान में शहर के मोहल्ला डाक बंगला कालोनी में रहते हैं। उनकी ससुराल रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। आरोप है कि उनकी ससुराल के गांव से एक किशोरी लापता हो गई थी। शक के आधार पर किशोरी के परिजनों ने पुष्पेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी लेकिन कुछ दिन बाद ही किशोरी घर वापस लौट आई। अदालत में उसने अपनी मर्जी से जाने की बात कही तथा पुष्पेंद्र से कोई संबंध नही बताया। लिहाजा अदालत के आदेश पर पुलिस ने पुष्पेंद्र को मुकदमे से अलग कर दिया। आरोप है कि किशोरी के परिजन पुष्पेंद्र से रंजिश रखने लगे। लगातार धमकी मिलने लगी तो पुष्पेंद्र ने ससुराल जाना छोड़ दिया तथा गांव भी छोड़ दिया। इसके बाद शहर में आकर रहने लगा। आरोप है कि 4 जनवरी को वह मुरादाबाद में परीक्षा देकर घर लौट रहा था। किशोरी के परिजनों ने वहीं रास्ते में घेरकर मारपीट की। उसके बाद 17 फरवरी को किशोरी के परिजनों ने उसे अमरोहा के मालगा. ेदाम पर घेर लिया तथा बेरहमी के साथ पीटा। भीड़ को आता देख आरोपी में कार में सवार होकर भाग गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# शादी समारोह में जा रहे युवक को पीटा

**रहरा**। शादी समारोह में जा रहे युवक को पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने फरियाद नहीं सुनी तो पीड़ित परिवार ने वीडियो बनाकर वायरल की। घटना थाना क्षेत्र के गांव चचौरा की है। यहां रहने वाला हरद्वारी का पुत्र जसवंत बीती रात नौ बजे शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। रास्ते में पुराने विवाद को लेकर गांव के रहने वाले अजय ने अपने साथियों के साथ जसवंत को घेर लिया तथा पीटकर घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा तथा पुलिस ने एक न सुनी तथा वीडियो वायरल कर पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगायी है।

# अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से पालन करें रोवर्स रेंजर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय शि. विर का बुधवार को समापन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रत्येक शिविरार्थी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुक होता है। कहा कि कि प्रत्येक रोवर एवं रेंजर का दायित्व है कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करे। समापन दिवस पर शिविर में टेंट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रोवर्स रेंजर्स की

### रमाबाई महाविद्यालय में तीन दिवसीय शिविर का समापन

टोलियों ने अलग-अलग थीम पर टेंट निर्माण किया और उनकी साज सज्जा की। टेंट निर्माण में प्रथम स्थान पर अहिल्याबाई टोली, द्वितीय स्थान पर रोज टोली एवं तृतीय स्थान टाइगर टोली रहीं। बेस्ट रोवर हर्ष कुमार एवं बेस्ट रेंजर श्रेया सिंह तोमर रहे। प्राचार्य द्वारा सभी रोवर्स-रेंजर्स को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। अतिथियों का स्वागत रेंजर्स प्रभारी डॉ.नेहा अग्रवाल एवं धन्यवाद ज्ञापन रोवर्स प्रभारी डॉ.संयम ने



किया। समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता नम्रता नर्मा, प्रो.(डॉ)इन्द्रदेव सिंह, डॉ.मनोज कुमार, डॉ.अजय कुमार, डॉ.मनमो. हन नर्मा, डॉ.संदीप कुमार, डॉ. चन्द्रवीर सिंह, डॉ.धनसिंह रवि, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ.सीमा सिंह समेत स्टॉफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि ईद व होली का त्यौहार आपस में भाईचारे के साथ मनायें। जहां भी कोई शिकायत हो अधिकारियों को सूचित करें। थाना परिसर में एसडीएम हसनपुर विभा श्रीवास्तव ने पीस कमेटी की बैठक ली। उन्होंने कहा कि दोनों त्यौहार भाईचारे का पैगाम देते हैं। लोगों को प्रेमपूर्वक त्यौहारों को मिलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को कोई शिकायत है तो इसकी सूचना तुरन्त अधिकारियों को दें। होली पर एक दूसरे के सावधानी पूर्वक रंग लगायें तथा दूसरे समुदाय के किसी व्यक्ति को परेशानी न हो। बैठक में एसओ दीप कुमार पंत, अभिनव कौशिक, दानिश बाकरी, समी अय्यूब, अमित गुर्जर, नीतू भागवत, अथहर अहसान, इकबाल कारी, सखावत हुसैन मौजूद रहे।

# स्टे के बाद भी जमीन पर कब्जे का प्रयास

## राजनीतिक रसूखदारों पर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी भूमाफियाओं द्वारा जमीन पर कब्जे का प्रयास जारी है। लगातार निर्माण कार्य व अन्य गतिविधियां करायी जा रही हैं। मामले की शिकायत डीएम से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गयी है।

नगर के मोहल्ला काजीजादा निवासी मंसूर सफदर नकवी पुत्र सफदर अब्बास ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उसका कहना है कि अमरोहा खास बाहर चुंगी आरके पब्लिक स्कूल के निकट उनकी भूमि है। जिस पर दाखिल व काबिज हैं। चूंकि यह आबादी के बीच आ गयी है इसलिए राजनीतिक प्रभाव वाले कमल सिंह पुत्र बलराज सिंह निवासी मौहल्ला चौक, हाल निवासी गांव रायपुर कलां, शिवम ठाकुर, शगुन ठाकुर पुत्र हरगोविंद सिंह, अनुपमा ठाकुर मोहल्ला तुर्क कालोनी, सैयद हुसैन इमाम पुत्र निहाल हसन मोहल्ला मच्छरटठा व उनके एजेंटों द्वारा भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने एसडीएम अमरोहा के न्यायालय में वाद दायर किया। जांच के दौरान राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ का संज्ञान लेते हुए मामले में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। मंसूर सफदर नकवी बनाम राजस्व परिषद माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पीड़ित के पक्ष में आदेश भी पारित हो चुके हैं। परन्तु उक्त भूमाफिया इस जमीन पर लगातार कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। राजनी. तिक प्रभाव के कारण पीड़ित की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। मंसूर सफदर नकवी ने डीएम से भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अपराधियों के खिलाफ जारी रखें कार्रवाई

## पुलिस अधीक्षक ने किया डिडौली कोतवाली का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार को डिडौली कोतवाली का निरीक्षण किया। पुलिसिंग से सीधे जुड़ी व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए माल मुकदमाती व लावारिस वाहनों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। एसपी ने थाना कार्यालय, हवालात, भोजनालय, बैरिक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व थाने की राजकीय संपत्ति अभिलेख का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद अपराध व त्योहार रजिस्टर पर नजर दौड़ाते हुए आगामी त्योहारों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही। मालखाने में शस्त्रों व दंगा नियंत्रण उपकरणों की स्थिति जांची। पुलिसकर्मियों से हथियार चलाने का रिहर्सल भी कराया। आखिर में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने तथा महिलाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण जांच कर प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्माचारी मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाएंगे अम्बेडकर जयंती

**हसनपुर**। बुधवार को गैस एजेंसी के प्रतिष्ठान पर शहर के अनुसूचित जाति वर्ग के संभ्रांत व्यक्तियों की एक बैठक आयोजित कि गई। जिसमें आगामी माह में मनाई जाने वाली अम्बेडकर जयंती को धूमधाम के साथ मनाएं जाने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ हसनपुर के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अम्बेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। इस अवसर पर अम्बेडकर उद्यान समिति के अध्यक्ष विजय गौतम, अम्बेडकर जयंती के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः महीपाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य, विनोद कुमार गौतम, पूर्व सभासद अरविंद कुमार अन्ना, पूर्व प्रबंधक दौलत सिंह,समाजसेवी मयंक प्रताप, रो. हताश सिंह,दिनेश कुमार, मनोज सम्राट,विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# साइबर थाना पुलिस ने बीस हजार वापस कराए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर निकाले गए 20 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। पैसे वापस मिलने पीड़ित ने पुलिस का आभार जताया।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव को. कापुर निवासी नकुल कुमार ने 11 दिसंबर 2024 को इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था। उनका कहना था कि साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी से उनके बैंक खाते से 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए हैं। एसपी के आदेश पर मामले की जांच साइबर थाना पुलिस द्वारा की जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने साइबर अपराधियों को ट्रेस करते हुए पीड़ित नकुल के खाते में 20 हजार रुपये वापस कराने की बात कही। इसके साथ ही लोगों से बैंक खाते की डिटेल, ओटीपी, एटीएम पासवर्ड की जानकारी किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की। बताया कि किसी भी लिंक या एप्लीकेश पर भुगतान न करें, यह ऑनलाइन धोखाधड़ी का तरीका हो सकता है।

**खबर का असर!** परियोजना निदेशक अमरेन्द्र सिंह के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# बीडीओ के लात मारते ही गिर गई भ्रष्टाचार की दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। लगभग आठ लाख रुपये की अनुमानित लागत से हो रहे सड़क के निर्माण कार्य की दीवार में नए के स्थान पर पुरानी ईंट लगाकर

### नए निर्माण में पुरानी ईंटों का हो रहा था प्रयोग

भ्रष्टाचार का प्लास्टर करने का मामला गरमा गया हैं। शाह टाइम्स ने बुधवार को इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। खबर का असर इतना तीव्र हुआ कि परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप ने टीम को मौके पर भेजकर जांच व आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसपर बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने मौके पर जाकर जांच की उन्होंने सब्बल लेकर खुद ही दीवार को गिराना शुरू कर दिया तो भ्रष्टाचार की दीवार पर प्लास्टर के खेल का पर्दाफाश हुआ। उन्होंने पूरी दीवार को ही ध्वस्त करने के निर्देश दे दिए। कहा दोनों तरफ की पूरी दीवार को ध्वस्तकर नई ईटों से बनाया जाए। उधर इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कई जिम्मेदार लोगो को नोटिस भी जारी किए गए है।

बता दे की धनौरा ब्लॉक के गांव मोहम्मदपुर पट्टी में वर्ष 2012-13 में संभवत क्षेत्र पंचायत द्वारा बने खड़ंजे की सड़क को उखाड़कर



मनरेगा योजना के तहत दो कामों में करीब आठ लाख की अनुमानित लागत से इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार का खेल किया जा रहा हैं। यहां निर्माण सामग्री मानक के अनुसार नही लगाई जा रही हैं. खड़ंजे की उखड़ी ईंटो से ही सड़क के दोनों तरफ दीवार का निर्माण कराया जा रहा था। जबकि एस्टीमेट में नई ईंटो को लिया गया हैं। जिससे लाखो का निर्माण भ्रष्टाचार की गहरी दलदल में फंसता नजर आ रहा हैं। शाह टाइम्स ने 5 मार्च 25, गुरुवार के अंक में नए निर्माण कार्य मे पुरानी ईंट के भ्रष्टाचार पर प्लास्टर का पर्दा शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद महकमे में खलबली मच गयी। परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने खबर पर संज्ञान लेते हुए तत्काल टीम को मौके पर भेजकर जांच के निर्देश दिए। बीडीओ नरेंद्र कुमार गंगवार ने मौके पर पहुंचकर जब खुद ही निर्माणाधीन दीवार पर लात मारी तो ईंट गिरना शुरू हो गई। फिर उन्होंने जिस दीवार पर प्लास्टर कर भ्रष्टाचार को छुपाने की को. शिश की जा रही थी उसको सब्बल से तोड़ना शुरू किया तो भ्रष्टाचार के प्लास्टर के नीचे घटिया ईंट देख उनका पारा हाई हो गया उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि सड़क के दोनों तरफ बनाई गई दीवारों को दोस्त कर नए सिरे से नई ईटों द्वारा निर्माण कराया जाए। परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप ने बताया कि गांव मोहम्मदपुर पट्टी में पुरानी ईटों से नाली दीवार का निर्माण कराया जा रहा था उसको खंड विकास अधिकारी द्वारा ध्वस्त कराया गया है। जो भी दोषी हैं उनको नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### जिम्मेदारों को थमाया नोटिस

**मंडी धनौरा**। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि विकासखंड की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर पट्टी में इंटरलाकिंग कार्य के दीवार निर्माण में पुरानी ईंट से निर्माण कराए जाने के मामले में रोजगार सेवक अमित कुमार, सचिव राजीव सिंह, टीए सिद्धराज सिंह को नोटिस जारी किया गया हैं। जबकि ग्राम प्रधान को नोटिस कार्यवाही की संस्तुति के लिए जिलाधिकारी को पत्राचार किया गया हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य मे गुणवत्ता से कोई समझौता नही होने दिया जाएगा।

### आठ लाख से हो रहा निर्माण

**मंडी धनौरा**। एपीओ नितिन कुमार ने बताया कि एस्टीमेट के अनुसार गांव मोहम्मदपुर पट्टी में नेमकुमार के घर से राजेन्द्र के घर तक 73 मीटर जिसकी अनुमा. नित लागत 3 लाख 98 हजार व राजेश के घर से रघुवीर के घर तक जिसकी अनुमा. नित लागत 3 लाख 97 हजार हैं। ये अनुमानित लागत व दूरी अनुमानित है। एस्टीमेट के अनुसार दीवार निर्माण कार्य मे नई ईंट ही लगनी चाहिए जबकि मौके पर घटिया क्वालिटी की पुरानी ईंटे लगी हुई मिली दीवार को ध्वस्त कराया जा रहा हैं।

### उखड़े खड़ंजे की ईट का क्या होगा ?

**मंडी धनौरा**। विकासखंड की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर पट्टी में 2012 में बने खड़ंजे को उखाड़कर नया इंटरलाकिंग का निर्माण कराया जा रहा हैं। अब लोगो के जहन में सवाल उठ रहा हैं की उन ईंटो का क्या होगा जो खड़ंजे की उखड़ी हैं। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह अब ग्राम पंचायत की संपत्ति हैं उसकी नीलामी कराने या गांव में किसी सार्वजनिक कार्य के प्रयोग में लाया जा सकता हैं। फिलहाल उन ईंटो को वहां से हटवाकर सुरक्षित रखवाया जाएगा। ईंटो का पुरानी ईंटो का उपयोग या निस्तारण नियमानुसार किया जाएगा

# भट्टों को एनसीओ न देने का मुद्दा उठाया

## विधानसभा में कमाल अख्तर ने उठाया मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सपा के राष्ट्रीय सचिव व कांठ विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा सत्र के दौरान ईट कारोबा. रियों के उत्पीड़न का मुद्दा जोर शोर से उठाया। उन्होंने पर्यावरण विभाग पर एनओसी के नाम पर किये जा रहे उत्पीड़न को रोकने की मांग की। विधानसभा सत्र के दौरान कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि उनके क्षेत्र कांठ, संभल, उमरी कलां आदि में ईट भट्टे का व्यापक स्तर पर कारोबार है। परन्तु पर्यावरण विभाग एनओसी के नाम पर भट्टा स्वामियों का शोषण कर रहा है एनओसी नहीं दी जा रही। जिस कारण यह उद्योग लगातार चौपट हो रहा है। राजस्व



विभाग की टीम भट्टे बंद कराने पहुंच जाती है। उन्होंने इस समस्या को दूर करने की मांग की। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के सामने सवाल रखा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढावा देने के लिए लगातार बयानबा. जी की जा रही है जबकि हकीकत एकदम उल्टी है।

# बिल संशोधन के नाम पर किसानों का शोषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बुधवार को नगर के विकासखंड परिसर मैं स्थित एसडीएम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में किसान एकत्रित हुए और समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंप दिया। जिलाध्यक्ष श्री गफ्फारी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा बिल संशोधन करने के नाम पर लगातार उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल सिंह,ब्रह्मपाल सिंह, मुनि देव सिंह,उस्मान चौधरी, आबिद अली,प्रेम सिंह सैनी,राम अवतार सैनी,जय चंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिना मान्यता चल रहा एस.एस.मॉडल पब्लिक स्कूल, बीईओ ने कराया बंद

## पहले भी कर चुके थे जारी नोटिस, अब एफआईआर दर्ज कराकर लगेगा जुर्माना

**इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शेखूपुर क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया गया जिसमें एस.एस. मॉडल पब्लिक स्कूल बिना मान्यता के संचालित पाया गया है जिसे तत्काल बंद करने के आदेश दिए गए हैं नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति की जाएगी।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बदायूं।** सिलहरी तहसील सदर क्षेत्र के गांव शेखुपुर में बिना मान्यता संचालित एस. एस. मॉडल पब्लिक स्कूल पर पहुकर खंड शिक्षा अधिकारी उझानी प्रशांत कुमार सिंह उझानी ने विद्यालय का अचौक निरीक्षण किया। जिनमें शेखूपुर में पंजाब नेशनल बैंक के समीप एस.एस.मॉडल पब्लिक स्कूल बिना मान्यता की संचालित पाया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कोई भी पुरुष अध्यापक मौजूद नहीं मिला केवल अप्रशिक्षित लड़कियां ही उसमें अध्यापन करा रही थी उनसे जब विद्यालय के प्रबंधक के बारे में पूछा गया तो वह कोई जवाब नहीं दे सकी खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा पहले भी इस विद्यालय को नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन लगातार आ रही शिकायतों के चलते आज फिर शेखूपुर क्षेत्र के प्राइवेट विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिसमें नेहरू पब्लिक स्कूल शेखूपुर और न्यू नेहरू पब्लिक स्कूल शेखूपुर और एमडी पब्लिक स्कूल शेखूपुर विद्यालय संचालित पाये गये। जिसमें न्यू नेहरू पब्लिक स्कूल की मान्यता एक जगह की और वह दो जगह संचालित पाया गया।

जिसमें एक शेखूपुर के अंदर और दूसरा किशन नगर में था उस विद्यालय को भी नोटिस जारी कर प्रबंधक को समस्त कागजात सहित जवाब मांगा है वहीं विद्यालय एस.एस. मॉडल पब्लिक स्कूल पिछले दो वर्षों से संचालित है और विद्यालय के खिलाफ शिकायत मिल रही है शिकायत के अनुसार छात्रों से जानकारी प्राप्त की गई कि छात्रों से आपार आईडी के नाम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और प्रबंधक द्वारा 200 प्रति छात्र लिया जा रहा है।

जो कि सरासर गलत है जिसमें ना तो विद्यालय की मान्यता है सवाल अब यह उठता है कि इन बच्चों की आपार आईडी में किस विद्यालय से जनरेट करा रहे हैं या फिर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और जबकि इस विद्यालय में परिवहन विभाग की अनुमति के बिना ही वाहन चलाए जा रहे हैं जो की बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ हैं ऐसे विद्यालय को देखकर बीईओ ने मौजूद स्टाफ को सख्त निर्देश देकर विद्यालय बंद करने का आदेश दिया तथा विद्यालय के प्रबंधक को नोटिस जारी किया और कहा कि एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति की जाएगी। और अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों का पास के ही सरकारी स्कूल में दाखिला कराने की सलाह दी है।

# बदायूं में बिना पंजीकरण के चल रहे निजी अस्पताल, विभाग है अंजान



**बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी रावेंद्र की 24 वर्षीय गर्भवती पत्नी मीना की 29 अक्तूबर को झोलाछाप के इलाज से मौत हो गई। विभाग ने कार्रवाई तो दूर जांच तक करना उचित नहीं समझा।**

**सीएमओ डॉ रामेश्वर मिश्रा से इस संबंध में फोन से बात करनी चाहिए तो फोन नहीं लगा।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिना पंजीकरण के जिले में निजी अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसको लेकर अनभिज्ञ बने हुए है।

डीएम के आदेश के बाद भी झोलाछाप छापेमारी अभियान नहीं चलाया गया।

जबकि खबर प्रकाशित होने पर कुछ क्लीनिक और अस्पतालों पर कार्रवाई तो की गई है, लेकिन विभागीय स्तर से इसकी ठोस जांच नहीं होती है। डीएम की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 104 निजी अस्पताल स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकृत है। जबकि जिले में छह सौ से अधिक क्लीनिक नर्सिंग होम संचालित हो रहे है।

जिले में कई मेडिकल के नाम पर क्लीनिक, तो कही बिना पंजीकरण के निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। कई ऐसे भी हैं जो कार्रवाई होने के बाद नाम बदलकर क्लीनिक और निजी अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। जिम्मेदार अनजान बने हैं। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। पूर्व में झोलाछाप के इलाज से मौतें हो चुकी है।

**झोलाछाप के इलाज से नवजात की गई जान** कस्बा बिनावर में झोलाछाप के इलाज से 17 अक्तूबर को नवजात की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने हंगामा भी किया लेकिन विभाग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। केवल नोटिस चस्पा कर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली।

जांच में पता चला कि अस्पताल का कोई पंजीकरण नहीं था और न ही चिकित्सक के पास कोई डिग्री जिसकी वजह से विभागीय कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। जिले में सैकड़ों क्लीनिक व लैब बिना पंजीकरण के चल रहे है। बिनावर, विजयनगला, मलगांव, कुंव. रगांव वजीरगंज, खेड़ा नवादा, मीरा सराय, उसावां रोड़, दातागंज क्रासिंग आदि स्थानों पर संचालित निजी अस्पताल, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब, मेडिकल स्टोर की जांच की जाए तो हकीकत सामने आएगी। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के इसारे पर निजी अस्पताल लैब क्लीनिक संचालित है। यहां विभागीय अधिकारी जल्द जांच करने नहीं पहुंचते हैं। बिनावर सीएचसी प्रभारी डॉ नरेंद्र पटेल ने बताया कि सीएमओ के द्वारा झोलाछाप की छापेमारी के लिए आदेश हुआ है जिस पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## निकाय सफाई मजदूर संघ के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका प्रांगण में पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगों को रखते हुए कहा डेढ़ वर्षो से अपनी मांगों को रखते हुए आ रहे हैं लेकिन उसके बावजूद भी हमारी मांगों का कोई आज तक समाधान नहीं हो सका जिसको लेकर भारी तादात में सफाई कर्मचारी उपस्थित होकर नगर पालिका पहुंचे उन्होंने कहा स्थाई कर्मियों का एन पी एस अकाउंट खुलवाकर निर्धारित अंशदान जमा किया जाए। एवं की गई कटौती का साक्ष्य सहित विवरण उपलब्ध कराया जाए, पूर्व में आवंटित संगठन कार्यालय उपलब्ध कराया जाए सेवा प्रदाता के माध्यम से जमा ई पी एफ कटौती का विवरण उपलब्ध कराया जाए। संविदा सफाई कर्मचारियों का ई पी एफ कटौती की जाए, नियम अनुसार चयनमान वेतन लगाया जाए, तथा एरियर का भुगतान किया जाए ताकि शादी विवाह व्यक्तिगत कार्यरत घरों पर कार्य करने हेतू काम आ सके और वेमारी प्रथा पर रोक लगाई जाए समस्त सफाई कर्मचारीयों एवं स्थाई, संविदा, वैकलाग, सेवा प्रदाता की सूचना कार्यक्षेत्र तथा संबंधित सफाई नायकों उपस्थिति पंजिका की प्रति उपलब्ध कराई जाए नगर की जनसंख्या मानक के अनुसार ठेका कर्मचारियों की पूर्ति की जाए इस मौके पर अजय मुखर्जी, हरीश लाल, रविंद्र कुमार, एक्शन लाल, सिबतेन अली, नीरज कुमार, दीपक चौहान, महेश कुमार, आनंद कुमार, दिनेश, चंद्रपाल, सोनपाल, करन, रामू, राजेंद्र, भूरे, नरेश, सुशील कुमार, आकाश पुत्तन यदि लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण किए चोरी



चोरी की घटना की जानकारी देता गृहस्वामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव तिगुलापुर निवासी राजपाल पुत्र सरनाम सिंह थाने पर तहरीर देते हुए बताया वह अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए परिवार के साथ गांव से गैर प्रांत हिमाचल में रहकर मेहनत मजदूरी करता है और अपने परिवार का पालन पोषण करता है गांव में उसके मकान पर ताला लगा हुआ था 1 मार्च को वह होली का त्यौहार मनाने के लिए और घर की साफ सफाई करने के लिए आया तो उसने देखा कि उसके गेट का ताला टूटा हुआ था जैसे ही वह घर के अंदर गया तो बरामदे में लगी खिड़की भी टूटी हुई थी अंदर घुसकर देखा तो उसके कपड़े बक्सा आदि उलट पड़ा था जिसे देखकर पीड़ित के होश उड़ गए जिसने बक्से में रखें सोने के कुंडल सोने की बेसर चांदी के खेतों ड़वा चांदी की पाइजेव, चांदी का मंगलसूत्र चांदी की कमर. बंद उसकी शादी में मिले फूल और तवे के बर्तन चोर चोरी करके ले गए घटना की सूचना पर मोहल्ले के दर्जनों लोग एकत्र हो गए पीड़ित ने चोरी हुआ सामान का पता लगाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह पता नहीं लग सका हर तक कर पीड़ित ने मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत मिलने पर घटनास्थल का मौका मुआयना तक नहीं किया है और ना ही रिपोर्ट लिखी है। इस संबंध में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर क्राइम राजीव कुमार ने बताया घटना की सूचना मिली है जांच की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## महाबौद्ध गया विहार का प्रबंधन बौद्धों को सौंपा जाए, बौद्ध भिक्षुओं ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अखिल भारतीय शाक्य महासभा के पदाधिकारियों एवं बौद्ध भिक्षुओं ने महाबौद्ध गया विहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को सौंपने की मांग को लेकर मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अफसरों को दिया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार शाक्य ने कहा कि सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों पर जब उनके धर्म के पुजारी काबिज हैं, तो बौद्ध धर्म स्थल पर हिंदू पुजारी कैसे काबिज हो सकते हैं। बौद्ध भिक्षु एवं बौद्ध अनुयाई इस बात को स्वीकार नहीं करेंगे। सम्राट अशोक द्वारा बनाये गये बौद्ध प्रतीकों, मठ एवं चिह्नों को पिछले कुछ वर्षों से नष्ट करने का काम किया जा रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार इस विषय पर ध्यान नहीं दे रही है। बौद्ध भिक्षु 20 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं, जिससे उनकी हालत खराब हो रही है। सरकार को तुरंत ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। इस अवसर पर भजन लाल शाक्य, विनोद कुमार शाक्य, भानु प्रताप शाक्य, सूरज पाल शाक्य, भूमि राज शाक्य, गणेश चंद्र थी शाक्य, ज्ञान सिंह शाक्य, योगेश पाल शाक्य, राजेश कुमार शाक्य, अमरदीप शाक्य, कुंवरपाल शाक्य आदि मौजूद रहे।

## अवैध वसूली को लेकर डग्गामार चालकों ने हाईवे पर काटा हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी थाना बिनावर मुख्यालय गेट के सामने बरेली बदायूं हईवे पर डग्गामार वाहनो का अक्सर जाम लगाते रहते हैं जिससे वहां से निकलने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है बुधवार को डागामार वाहन चालकों में अवैध वसूली को लेकर कहां सुनी हो गई और रोड पर वाहनों का लम्बा जाम लग गया बताया जा रहा है मौजूद भीड ने वताया कि एक व्यक्ति पुलिस के नाम पर रोज की तरह डग्गामार मार वाहनों से अवैध वसूली कर रहा है जिसके चलते डग्गा मार वाहन चालक आक्रोशित हो गये टेंपो चालकों ने बताया कुछ टेंपो चालक अवैध वसूली करने वाले बरेली व्यक्ति का बसूली करने वाले व्यक्ति का सहयोग करते हैं जिससे उसके हौसले बुलंद हैं और आए दिन रोड पर गुजर रहे।

डग्मागामार वाहन बदायूं बरेली हाईवे थाने गेट के सामने रोड पर अक्सर जाम लग जाता है जिससे बरेली बदायूं गुजरने वाले बड़े वाहनों को बहुत दिक्कत होती है। उक्त संबंध में थाना प्रभारी कुमार कंबोज ने डाग्गामार वाहन चालकों से अवैध वसूली की शिकायत नहीं मिली है मेरी संज्ञान में नहीं है अगर ऐसा होता है तो जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ग्रामीण क्षेत्र जन्म मृत्यु पंजीकरण हेतु दिशा निर्देश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जानकारी बताया कि जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की सहपठित उ०प्र० जन्म मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2002 एवं सुसंगत शासनादेशों के अनुसार जन्म मुत्यु पंजीकरण हेतु ग्रामीण क्षेत्र में अवधि अनुसार विभिन्न व्यवस्थाएं निर्धारित है। जिसका अनुसरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले जन्म, मृत्यु एवं मृतजन्म हेतु पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जन्म व मृत्यु के एक दिन से एक माह तक आवेदन करने के लिए सक्षम अधिकारी ग्राम सचिव, प्रारूप 1 अथवा 2 पूर्ण भरकर, माता व पिता के आधार कार्ड की छाया प्रति व मोबा. इल नम्बर, प्रधान या आशा या आँगनबाडी या ए0एन0एम0 (किसी दो द्वारा प्रमाणित), टीकाकरण कार्ड (जन्म की दशा में), चिकित्सालय प्रमाण पत्र यदि मृत्यु की चिकित्सक द्वारा पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि जन्म व मृत्यु के एक माह से एक वर्ष की अवधि तक आवेदन करने पर सक्षम अधिकारी अपर जिला रजिस्ट्रार (ग्रामीण) (जिला पंचायत राज अधिकारी) के आदेश उपरान्त सचिव, प्रारूप 1 अथवा 2 पूर्ण भरकर, माता व पिता के आधार कार्ड की छाया प्रति व मोबाइल नम्बर, प्रधान या आशा या ऑगनवाडी या ए0एन0एम0 (किसी दो द्वारा प्रमाणित), माता/पिता/सूचनादाता का फोटोयुक्त शपथ पत्र अपर जिला रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु (डी0पी0आर0ओ0) के नाम, दो गवाहो का फोटोयुक्त शपथ पत्र, आधार कार्ड व मोबाइल नम्वर, चिकित्सालय प्रमाण पत्र यदि मृत्यु की चिकित्सक द्वारा पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए सक्षम अधिकारी उप जिला मजिस्ट्रेट के आदेश उपरान्त सचिव ग्राम पंचायत, प्रारूप 1 अथवा 2 पूर्ण भरकर, माता व पिता के आधार कार्ड की छाया प्रति व मोबाइल नंम्बर, प्रधान या आशा या ऑगनवाडी या ए0एन0एम0 या ग्राम पंचायत सदस्य या पंचायत सहायक या प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यानक (किसी दो द्वारा प्रमाणित), माता व पिता या सूचनादाता का फोटोयुक्त शपथ पत्र उप जिला मजिस्ट्रेट के नाम, दो गवाहो का फोटोयुक्त शपथ पत्र, आधार कार्ड व मोबा. इल नंम्वर, यदि अध्ययनरत है तो जन्म की तिथि से सम्वन्धित शैक्षिक प्रमाण पत्र, सचिव व रजिस्ट्रार का पूर्ण में पंजीकृत न होने सम्वन्धी प्रमाण पत्र, चिकित्सालय प्रमाण पत्र यदि मृत्यु की चिकित्सक द्वारा पुष्टि की गयी है, उपजिलाधिकारी का आदेश (आरसीसीएमएस पोर्टल द्वारा जारी) है।

## राजस्व निरीक्षक ओम बाबू नागेंद्र के सेवानिवृत्ति होने पर हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** तहसील सभागार मे जरीफ नगर क्षेत्र में राजस्व निरीक्षक पद पर तैनात ओम बाबू नागेंद्र के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह पर आयोजित एक सम्मान समारोह में बोलते हुए इससे पूर्व एसडीएम ने राजस्व संरक्षक ओमबाबू नागेंद्र को तहसील प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए शेष अपना जीवन परिवार के साथ आनंद पूर्ण बिताए जाने का अनुरोध किया उन्होंने कहा की सेवा काल के समय शासन द्वारा इतनी जिम्मेदारी उठानी होती हैं कि कर्मचारियों को अपने परिवार के दायित्व का निर्वहान करने का समय ही नहीं मिलता समय न मिल पाने के कारण परिवारजन भी रुष्ट रहते हैं उन्होंने कहा की सेवाकाल में स्वच्छ छवि के साथ सेवानिवृत्ति होना अपने आप में एक अच्छा एवं सराहनीय कदम है ऐसा बहुत कम होता है तहस. ीलदार शर्मनानंद ने कहा की उन्हें खुशी है कि जिस तहसील में लेखपाल पद पर राजस्व निरीक्षक ओम बाबू नागेंद्र को पहली तैनाती सहसवान तहसील में मिली और सेवाकाल के अंतिम समय पर वह राजस्व निरीक्षक पद का स्वच्छ छवि के साथ निर्वहन करते हुए सहसवान तहसील से ही उन्हें विदाई दी जा रही है यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण है जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता लेखपाल संघ के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव ने कहा की हमारे बीच एक अच्छी छवि के रूप में कुछ समय तक अपने मार्ग निर्देशन में कार्य करने वाले राजस्व निरीक्षक ओम बाबू नागेंद्र का सेवाक. ाल से सेवा निवृत्त होना अपने आप में यादगार साबित होगा इससे पूर्व लेखपाल संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव मंत्री सत्यपाल सिंह यादव लेखपाल संघ शाखा सहसवान की ओर से उन्हें भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की तथा साल एवं फूलों के हार पहनाकर भव्य



विदाई दी कार्यालय के नायब नाजिर अमर सिंह नाजिर अवधेश कुमार सक्सेना रजिस्टर कानूनगो कार्यालय में तैनात राजस्व निरीक्षक रियाजुद्दीन, लेखपाल जीतेन्द्र सिंह, सुमित कुमार, राजेश कुमार, विवेक विक्रम, आदित्य कुमार लेखपाल अंकित सक्सेना अवधेश कुमार यादव पुष्पेंद्र यादव महिला लेखपाल कुंवारी अनु तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारियों साथियों ने राजस्व निरीक्षक ओमबाबू नागेंद्र को फूल मालाएं पहनाकर तथा शाल उड़ाकर भव्य स्वागत किया विदाई दी।

## बिना संघर्ष के लक्ष्य नहीं मिलता : राजधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय महिला महा विद्यालय में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे रेंजर्स



प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कम से कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य डा.राजधन ने कहा कि युवा सार्थक प्रयास करें। बिना संघर्ष और मेहनत के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा युवाशक्ति स्काउटिंग के माध्यम से आचरण, व्यवहार और कर्त्तव्यों में परिवर्तन लाएं। राष्ट्र के लिए हमेशा समर्पित रहें। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार कहा कि बच्चों का अनुशासित वर्दीधारी संगठन स्काउट है। उन्होंने बच्चों को स्काउटिंग आंदोलन, इतिहास, स्काउट ध्वज, राष्ट्रध्वज, ध्वज शिष्टाचार, घनें जंगलों, कंदराओं और पहाड़ों में जीवन जीने की कलाओं की ट्रेनिंग दी गई। रेंजर्स इंचार्ज डा.सरिता गौतम ने रेंजर्स की टीमों का गठन किया। टोली नायिकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साइबर क्राइम टीम के निरीक्षक विनोद कुमार वर्धन, राकेश कुमार निपेंद्र यादव, राज चौधरी ने रेंजर्स को बढ़ रहे साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। रेंजर्स ने अग्निशमन विभाग द्वारा आग पर काबू पाने का तरीका भी सीखा। इस मौके पर डा. सुशील, डा. सतीश कुमार, डा. ब्रज. ेश कुमार, डा. ऋषभ भारद्वाज, डा. भावना सिंह आदि मौजूद रहीं।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से हुई सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई बसई में बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटर इतिहास विषय की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। केन्द्र पर द्वितीय पाली में इतिहास विषय में मात्र दो परीक्षार्थी पंजीकृत थे, दोनों ही परीक्षा में उपस्थित हुए। इन दोनों छात्रों की परीक्षा कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापक डॉ घनश्याम दास, परीक्षा इंचार्ज हरदीप सिंह, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक राम विलास, स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदेश कुमार अवर अभियन्ता सिंचाई विभाग, दो कक्ष निरीक्षक, तीन आंतरिक सचल दल, एक अवमोचक, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा पुलिस कर्मी सहित दर्जन भर से अधिक परीक्षाकर्मी ड्यूटी पर रहे।

## 18 मार्च तक करें पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय ने जानकारी देते बताया कि आम जनमानस को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद व तहसील स्तर पर पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने के इच्छुक स्थानीय व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय हेतु 20 व जनपद की प्रत्येक तहसील के लिए चार-चार पराविधिक स्वयंसेवक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहे है। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह स्थानीय व्यक्ति होना चाहिए। आवेदक अपने आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बदायूं में 18 मार्च 2025 तक सीधे या पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक को साक्षर होना चाहिए तथा मैट्रीकुलेट अभ्यर्थी को अधिमानता दी जाएगी।

अधिक जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बदायूं से ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि पराविधिक स्वयंसेवकगण की नियुक्ति हेतु शिक्षक (सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित), सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारीगण एवं वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्य परास्नातक के छात्र एवं शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, चिकित्सक व फिजीशियन, छात्र एवं विधि छात्र (उनके अधिवक्ता पंजीकृत होने तक) आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त गैर-राजनैतिक, सेवा-उन्मुख गैर-शासकीय संगठनों एवं क्लबों के सदस्य, महिला पड़ौस समूह, मैत्री संघम और अन्य स्वयं सहायता समूहों (हाशिए पर एवं नि:शक्त समूहों सहित) के सदस्यगण, कारागार में लम्बी अवधि की सजा काट रहे अच्छा व्यवहार करने वाले शिक्षित बन्दीगण, ऐसे अन्य व्यक्ति जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा तहसील विधिक सेवा समिति पराविधिक स्वयंसेवक के रूप में उपयुक्त समझे, वह भी आवेदन कर सकते हैं।

## 8 मार्च को होगा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को वृहद स्तर पर मनाये जाने हेतु 07 व 08 मार्च 2025 के मध्य कार्यक्रमों का आयोजन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वर्ष में विभिन्न गतिविधियों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को वृहद स्तर पर मनाये जाने व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का वृहद प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु 08 मार्च 2025 दिन शनिवार डायट परिसर ऑडिटोरियम बदायूँ में पूर्वान्ह 11:30 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## जलभराव से ग्रामीण परेशान फैल सकती है बीमारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव बेहटारा मजरा खुरमपुर भमोरी के ग्रामीणों ने डीएम को बुधवार के लिए एक शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों के अनुसार लगातार पानी जमा होने से गंदगी के कारण संक्रामक रोग पैर पसारने की आशंका बनी हुई। जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान के द्वारा खड़ंजा की ईंटें उखाड़कर सरक. ारी विद्यालय में लगा दी है जिससे गली का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है जलभराव होने से मच्छर पनप रहे है ग्रामीण और स्कूली बच्चों का निकलना मुश्किल हो रहा है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में 235 मीटर एरिया में सीसी रोड का निर्माण होना था जिसमें लगभग 180 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है शेष सीसी रोड का कार्य ग्राम प्रधान के द्वारा रोक दिया गया था जिससे सीसी रोड के आगे जलभराव और मच्छर पनप रहे है जिससे ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है पूर्व में ग्राम प्रधान के द्वारा प्राथमिक विद्यालय से राजीव सिंह के मकान तक खड़ंजा की ईंटें उखाड़कर ले गए जिसकी वजह से उस एरिया में जलभराव हो रहा है। जबकि ब्लॉक स्तर पर इसकी कई बार शिकायत कर चुके है। मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## 7 मार्च को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में 07 मार्च, 2025 दिन शुक्रवार को प्रात: 8:30 बजे से लगभग 150 जोड़ों के सामूहिक विवाह हेतु एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन दातागंज रोड स्थित एच0पी0 इंस्टीट्यूट के ग्राउण्ड में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में विधानसभा बदायूँ, शेखूपुर, बिसौली एवं सहसवान सहित 04 विधानसभाओं, विकास खण्ड सालारपुर, बजीरगंज, बिसौली, आसफपुर, इस्लामनगर, दहगवां, सहसवान, कादरचौक एवं जगत तथा नगर निकाय बदायूँ, इस्लामनगर, बिसौली, बजीरगंज, सैदपुर, फैजगंज बेहटा, मुडिया धुरेकी, कुंव. रगांव, ककराला, सखानूं, गुलड़िया, सहसवान एवं दहगवां के जोड़े सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि वर वधू को आशीर्वाद देने हेतु जनपद के माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियो उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।

## 6 मार्च को ई-लाटरी के माध्यम से होगा मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी/ लाइसेंस प्राधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी नीति 2025-26 हेतु शासनादेश द्वारा जनपद बदायूँ की समस्त मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन प्रथम चरण की ई-लाटरी के माध्यम से 06 मार्च 2025 को समय प्रात: 11:00 बजे से समाप्ति तक होना नियत है। उन्होंने बताया कि 06 मार्च 2025 को आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी में आवेदकों की संख्या अत्याधिक होने की संभावना है। इसके दृष्टिगत ई-लॉटरी डायट परिसर ऑडिटोरियम बदायूँ में कराई जाएगी।

## 06 मार्च का होगा जागरूकता शिविर

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 माटीकला विभाग द्वारा सचांलित प्रचार-प्रसार योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय माटीकला जागरूकता शिविर एवं माटीकला टूलकिट्स व पगमिल टूल्सकिट्स वितरण का आयोजन विकास खण्ड सलारपुर परिसर बदायूँ में 06 मार्च 2025 को अपराहन 12:00 बजें आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 माटीकला विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के वारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की जायेगी तथा प्रजापति समाज के कारीगरो को टूलकिट्स वितरण किया जायेगा। प्रजापति समाज के उत्थान हेतु उद्योग की स्थापना एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण योजना में रूचि रखने वाले भावी उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु अन्य विभागो के अधिकारियो, कर्मचारियों के द्वारा भी उक्त जागरूकता शिविर में प्रतिभाग किया जायेगा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक शिक्षित नवयुवक, नवयुवतियॉ बेरोजगार, अनुभवी, प्रशिक्षित कुम्हारी कला, एवं शिल्पकारी परम्परागत कारीगर एवं जनसमान्य वि0ख0 परिसर-सलारपुर, बदायॅू में आयोजित जागरूकता शिविर में सादर आमंत्रित है।

# पुलिस लाइन पर दंगाइयों ने किया कब्जा

- पुलिस पर पथराव, आगजनी और गोलीबारी, अफरा-तफरी मची
- फोर्स ने संभाला मोर्चा, एक दंगाई को किया ढेर!
- पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण मॉकड्रिक का किया गया आयोजन

**मॉकड्रिक**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में अचानक बड़ी तादात में बलवाई और दंगाई घुस गए। अंदर घुसते ही दंगाइयों ने पुलिस पर पथराव, आगजनी और गोलीबारी शुरू कर दी। जिससे पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस कर्मियों की जवाबी फायरिंग में एक दंगाई को ढेर हो गया, जबकि, एक गंभीर रुप से घायल हो गए। उसके बाद सभी दंगाई वहां से फरार हो गए।

लेकिन पुलिसकर्मियों को तब राहत का एहसास हुआ जब उनको इस बात का पता चला कि यह दंगाई और बलवाई असली नहीं बल्कि नकली हैं। इस मौके पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बता दें कि होली के मद्देनजर एसएसपी ने दंगाईयों के खिलाफ पुलिस का रिहर्सल कराया। जिसमें अचानक एक दर्जन के करीब दंगाई परेड ग्राउंड में पहुंचते हैं। जहां पर बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे पुलिस टीम के साथ दंगाइयों को समझाने का प्रयास करते हैं। लेकिन, दंगाई पुलिस को देख कर पुलिस के खिलाफ एक साथ नारे लगाने शुरू कर देते हैं। पुलिस के लाख समझाने के बाद भी दंगाई बात करने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। पुलिस ने विरोध किया तो गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने आंसु गैस के गोले छोड़ते हुए लाठी चार्ज कर दी। लेकिन, दंगाई ने इतने में फायरिंग करना शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में एक दंगाई को ढेर कर दिया। जबकि, एक दंगाई गंभीर रूप से घायल हो गया और बाकी सभी उपद्रवी वहां से फरार हो गए।

हालांकि, पुलिस को पता चला कि यह कोई दंगाई नहीं हैं। बल्कि, उन्हीं के साथी पुलिस कर्मी हैं और यहां कोई बवाल नहीं बल्की मॉक ड्रिल हो रहा था। जिसे देख एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस कर्मचारियों की प्रशंसा की। इस दौरान फायर बिग्रेड भी पुलिस लाइन ग्राउंड में मौजूद थीं। जिससे आगजनी की घटना पर काबू पाया जा सके। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों को बलवाइयों को रोकने के गुर सिखाए गए। एसएसपी ने इस दौरान पुलिस कर्मियों से गोलियां भी चलवाई, जिसमें कई पुलिस कर्मी गोली नहीं चला सके।

# जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

- खादी ग्रामोद्योग उत्पाद को बढ़ावा देने का किया आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जन सामान्य को आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बन बनाने के उद्देश्य से खादी ग्रामोद्योग उत्पाद जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत काष्ठ कला परिसर निकट विकास भवन में आज एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जागरूकता शिविर में उपस्थित हुये आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों के छात्र-छात्राओं एवं बेरोजगार नवयुवक-नवयुवतियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रशिक्षण से संबंधित योजनाएं व उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला उद्योग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन करने से सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्रों सहित समस्त जानकारी प्रदान की गयी।

जागरूकता कार्यक्रम में सहायक आयुक्त (उद्योग) अर्चना पालीवाल द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। सहायक अग्रणी बैंक प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा साक्षी द्वारा सरकारी योजनाओं के ऋण सुविधा एवं वित्तीय प्रबन्धन पर जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अवसर पर जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय स्टाफ, सहायक आयुक्त उद्योग अर्चना पालीवाल, कार्यदेशक आईटीआई भूपेन्द्र शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह जानकारी परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल द्वारा दी गयी है।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

- तंबाकू नियंत्रण के बारे में किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** देहली पब्लिक जूनियर हाईस्कूल रिछा में वार्षिक स्पोर्ट मीट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया, और आरबीएस टीम द्वारा तंबाकू से होने वाले प्रभाव से जागरुक किया गया।

देहली पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक स्पोर्ट मीट का आयोजन किया गया, जिसमें सौ से अधिक छात्र-छात्राएं सफल रहे। इन सभी को सम्मान समारोह आयोजित कर मेडिकल, ट्राफी, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि सीए इफ्तिखार अहमद के अलावा स्कूल मैनेजर मोहम्मद शारिक और डायरेक्टर एसपी शर्मा ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सीए इफ्तिखार अहमद ने शिक्षा के साथ खेल को जीवन के जरुरी बताया। इस अवसर पर तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में रिछा सीएचसी से आई आरबीएस टीम ने अवगत कराते हुएध् जागरुक किया। स्कूल के मैनेजर मोहम्मद शारिक और डायरेक्टर सत्यपाल शर्मा ने आरबीएस टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर सभासद इकरार अहमद, रफीक अहमद सेठ, शकील अहमद, मोहम्मद इब्राहिम, मैनेजर मोहम्मद शारिक, डायरेक्टर सत्यपाल शर्मा, प्रिंसिपल खतीब अहमद समेत सभी शिक्षा और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# युवक पर लगाया पुत्री पर शादी के लिए धमकाने का आरोप

- पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी पुत्री की जानकारी के अभाव में फर्जी तरीके से आर्य समाज मन्दिर से विवाह का प्रमाण पत्र बनवा लेने और उसकी पुत्री पर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। लड़की के पिता का कहना है कि उसकी पुत्री ने युवक से शादी करने से साफ मना कर दिया है, लेकिन इसके बाबजूद युवक उसकी पुत्री के पीछे पड़ा है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना बहेड़ी के ग्राम मितापुर निवासी सुरजीत सिंह पुत्र प्रेमपाल सिंह का कहना है कि उसकी पुत्री पूर्व में पढ़ने के लिये स्कूल जाती थी। आरोप है कि अंग्रेज सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी ग्राम भौना थाना बहेड़ी ने उसकी पुत्री की जानकारी के अभाव में फर्जी तरीके से आर्य समाज मन्दिर बरेली से विवाह का प्रमाण पत्र बनवा लिया, और उसकी पुत्री पर जबरन शादी करने का दवाव बनाने लगा। इस परिपेक्ष्य में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में उसकी पुत्री के ब्यान हुए, जिसमें विपक्षी के विरुद्ध 25000/- रुपये जुर्माना भी डाला गया। उसकी पुत्री का अंग्रेज सिंह से न कोई लेना देना नहीं है, और न ही उसके पुत्री अंग्रेज सिंह से शादी करना चाहती है। इसके बाबाजूद अंग्रेज सिंह आये दिन उसकी पुत्री को धमकाता है।

दिनांक 01.03.2025 को दिन में उसके मोबाईल नम्बर पर फोन आया और युवक जबरन शादी करने का दबाव बनाने लगा। जब उसने उससे पुत्री की शादी करने से मना किया तो युवक गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अंग्रेज सिंह के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

# दो पैन कार्ड से करोड़ों का लोन लेने वाली शिक्षिका पकड़ी

- तीन करोड़ से ज्यादा लोन लिया, विदेश यात्राएं कीं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एमबी इंटर कॉलेज की निलंबित शिक्षिका बदायूं जिले की मूल निवासी वंदना वर्मा को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वंदना के पास दो पैन कार्ड व फर्जी कागजात थे, जिनके सहारे उसने करोड़ों रुपये का लोन ले रखा था। कई लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर उनसे ठगी भी की थी।

बदायूं शहर की आदर्श नगर कॉलोनी की मूल निवासी वंदना वर्मा शहर के डीडीपुरम इलाके में कई साल से शानदार आवास बनाकर रह रही है। वह एमबी इंटर कॉलेज में अंग्रेजी विषय की सहायक अध्यापिका के तौर पर कार्यरत थी। वंदना के ही पड़ोसी बदायूं निवासी अमित कुमार ने पिछली साल से वंदना के काले चिट्ठे खोलने शुरू किए थे।

शुरू में विद्यालय प्रबंधन ने आरोपों को गंभीरता से नहीं लिया, बाद में सबूतों के साथ डीएम और डीआईओएस से की गई शिकायत पर जांच शुरू हुई। इसमें राजकीय हाईस्कूल की प्रधानाचार्य कुसुमलता ने जांच की तो वंदना को वित्तीय लेनदेन व धोखाखड़ी का दोषी माना गया। मामले में कार्रवाई शुरू हुई और वंदना को निलंबित किया गया। हाल ही में अमित कुमार की ओर से प्रेमनगर थाने में शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

वंदना वर्मा पर आरोप है कि उसने दो पैन कार्ड और नाम पतों के फर्जी प्रमाण पत्र देकर कई बैंकों से तीन करोड़ से ज्यादा रुपये का लोन लिया, और एशो आराम की जिंदगी जी रही थी। उसने कई लोगों को शिक्षक पद पर नौकरी का झांसा देकर ठगी की। ऐसे लोग भी उसके खिलाफ शिकायतें करते घूम रहे थे। आरोप है कि बिना विभागीय अनुमति के शिक्षिका वंदना वर्मा ने विदेश यात्रा भी कर लीं। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि आरा. पी शिक्षिका को जेल भेज दिया गया है।

# स्मार्ट सिटी का गजब हाल: बरेली में घंटा घर की उलटी घूम रहीं सुईयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** कुतुबखाना स्थित घंटा घर की सुईयां उलटी घूम रही हैं। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोगों ने घंटा घर को सही कराने की मांग की है।

स्मार्ट सिटी के तहत घंटा घर की मरम्मत में 91 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी उसकी सुईयां उलटी घूम रही हैं। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी ने बताया कि मंगलवार शाम को वह कुतुबखाना स्थित घंटाघर पहुंचे। उन्होंने लोगों से बातचीत की तो पता चला कि घंटा घर की सुईयां उलटी घूमती हैं। इतना ही नहीं घंटे की आवाज भी बंद है। उन्होंने घड़ी में समय देखा तो वह भी हैरान रह गए। दरअसल स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 2022 में घंटा घर का जीर्णोद्धार हुआ था। 91 लाख रुपये में हुए इस कार्य के दो साल में ही घड़ी दो बार खराब हो गई है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से घंटा घर को सही कराने की मांग की है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि घंटा घर की खराब घड़ी को ठीक कराया जाएगा। दो साल में दो बार घड़ी खराब होना सही नहीं है। इसमें किस स्तर पर कार्य हुआ है, गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी।

## एक नजर

# देहली पब्लिक स्कूल ने पत्रकार इकरार को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देवरनियां।** कस्बा रिछा स्थित देहली पब्लिक जूनियर हाईस्कूल की तरफ से पत्रकार इकरार को वेस्ट रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया गया। देहली पब्लिक जूनियर हाईस्कूल रिछा के मैनेजर मोहम्मद शारिक और डायरेक्टर सत्यपाल शर्मा ने पत्रकार इकरार को वेस्ट रिपोर्टिंग के लिए मेमोनटो देकर सम्मानित किया। मैनेजर मोहम्मद शारिक ने कहा कि मीडिया प्रजातंत्र का चौथा स्तंभ है, जिससे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसका सम्मान होना चाहिए। डायरेक्टर सत्यपाल शर्मा ने कहा कि मीडिया के जरिये ही हमें देश-विदेश के साथ अपने इलाके की जानकारी मिलती है। इसीलिए इसे प्रजातंत्र का चौथा स्तभ कहा गया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य खतीब अहमद समेत स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# गाड़ी के किराए के पैसे मांगने पर युवक पर छुरी से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर दर्ज किया मुकदमा**

**बहेड़ी।** चार पहिया वाहन चलाने वाले एक युवक ने नगर के एक युवक पर बुकिंग के पैसे मांगने पर मारपीट करने और पैसे न देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला टांडा निवासी जाने आलम पुत्र खलील अहमद का कहना है कि वह गाड़ी चलाकर अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करता है। उसकी गाड़ी को बिलाल मस्जिद यूनिटी हास्पिटल के बराबर में रहने वाला जमील अहमद बुंकिग पर ले गया था। दिनांक 03.03.2025 को जब वह जमील के घर अपने 10000 रुपये लेने गया तो जमील जहां आग बबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना मना करने पर जमील ने उसके साथ मारपीट और छुरी निकालकर उसके ऊपर हमला कर दिया। खुद को बचाने के दौरान उसके हाथों की अंगुली में खुली चोट आयी हैं। घटना के बाद जमील अहमद उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने जमील अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एक ही दुकान पर बिकेगी बीयर और शराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ई-लॉटरी से होगा कंपोजिट दुकानों का आवंटन**

**बरेली।** एक अप्रैल से शराब और बीयर की बिक्री पर नया नियम लागू हो जाएगा। शराब के शौकीनों की सुविधा के लिए अब एक ही दुकान से ठंडी बीयर और विदेशी शराब की बिक्री होगी।

अब एक ही दुकान से ठंडी बीयर और विदेशी शराब की बिक्री होगी। इसके लिए आबकारी नीति में बदलाव कर दिया गया है। यह बदलाव एक अप्रैल से लागू हो जाएगा। उससे पहले छह मार्च को बरेली में 160 कंपोजिट दुकानों का आवंटन ई-लाटरी के माध्यम से होगा। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि शराब के शौकीनों की सुविधा और बिक्री की लागत को कम करने के लिए नई आबकारी नीति में कंपोजिट दुकानों की व्यवस्था की गई है। अब बीयर और विदेशी शराब की सभी दुकानों को कंपोजिट लाइसेंस दिया जाएगा। ऐसे 160 कंपोजिट लाइसेंस पूरे जनपद में आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए पहले चरण की लॉटरी बृहस्पतिवार को की जाएगी। इसके अलावा 400 देशी मदिरा, छह भांग और 16 मॉडल शॉप का आवंटन लॉटरी से किया जाना है। केवल एक प्रीमियर रिटेल शॉप जोकि फीनिक्स मॉल में संचालित है, उसका नवीनीकरण किया गया है। इसके अलावा सभी शराब व भांग की दुकान का ई-लॉटरी से व्यवस्थापन होना है।

डीएम रविंद्र कुमार के निर्देश पर 2025-2026 वित्तीय वर्ष के लिए यह ई-लॉटरी सुबह 10 बजे से संजय कम्युनिटी हॉल रामपुर गार्डन में होनी है। सभी आवेदकों को पंजीकरण स्लिप के साथ सुबह नौ बजे तक पहुंचने के लिए कहा गया है। ई-लॉटरी प्रमुख सचिव सहकारिता और बरेली के नोडल अधिकारी सौरभ बाबू की निगरानी में कराई जानी है।

# फर्जी कागजों से बेचीं करोड़ों की जमीनें !

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजिस्ट्री दफ्तर के कर्मचारियों का खेला**

**बरेली।** उपनिबंधक कार्यालय द्वितीय के कर्मचारियों की साठगांठ से फर्जी कागज तैयार कराकर करोड़ों की जमीन बेच देने के मामले में जांच के लिए डीएम रविंद्र कुमार ने एडीएम फाइनेंस और एआईजी स्टांप की दो सदस्यीय टीम गठित की है। आरोप है कि इस गोरखधंधे में कई साल से एक गिरोह सक्रिय है जो मृत लोगों के लावारिस प्लॉटों के फर्जी कागजात बनाकर उन्हें बेच देता है। वर्ष 2018 और 2024 में फर्जी कागजात तैयार कराकर कई बेशकीमती जमीनों को बेचा गया है।

इस मामले में मंगलवार को वीरसावरकर नगर की गायत्रीपुरी निवासी सुमित सक्सेना ने डीएम के सामने पेश होकर लिखित शिकायत की। सुमित के मुताबिक शहर में एक गिरोह सक्रिय है, जो उप निबंधक कार्यालय द्वितीय के कुछ कर्मचारियों की साठगांठ से मृत लोगों के लावारिस प्लॉटों के फर्जी कागजात तैयार कराता है और उन्हें बेच देता है। यह गिरोह फर्जी बैनामों के जरिए अब तक करोड़ों की जमीन बेच चुका है। इसमें तमाम लोग ठगे गए हैं।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रद्द की उलेमा किराम व सलमान मियां के खिलाफ एफआईआर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) पर दर्ज झूठी एफआईआर 258/23 को रद्द किया। ज्ञात रहे कि 05.07.2023 को दरगाह प्रमुख सुब्हान रजा खां (सुब्हानी मियां) के छोटे बेटे मुस्तहसन रजा खान की ओर से कोतवाली में सलमान मियां व उलेमा किराम मोहम्मद शहजाद आलम, नायब काजी ए शहर लखनऊ अनीस आलम सिवनी, काजी मुश्ताक आलम निजामी (कर्नाटक) मुंबई के मोहम्मद उबैद रजा व नूर आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें उनकी ओर से रिपोर्ट में कहा गया था कि इन लोगों ने पीड़ित सुब्हानी मियां को बदनाम किया अभद्र भाषा का प्रोड किया, और लोगों को पीड़ित के खिलाफ भड़काया व मदरसे पर लगे बोर्ड के साथ तोड़फोड़ की। इसपर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने पीड़ित को 2 साल का समय दिया, लकिन दो साल का समय देने के बाद भी पीड़ित कोई भी साक्ष्य कोर्ट के समक्ष प्रदान नहीं कर सका।

उच्च न्यायालय ने माना कि जो आरोप पीड़ित ने वरिष्ठ उलेमा किराम व सलमान हसन खान (सलमान मियां) के ऊपर लगाए वह सब बेबुनियाद, मनगढ़त व झूठे हैं। इसको देखते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने पीड़ित के वकील को फटकार लगते हुए एफआईआर को निरस्त किया, और साथ ही साथ बरेली पुलिस को हिदायत दी कि ऐसे सभ्य लोगों के ऊपर गलत तरीके से रिपोर्ट दर्ज न करें। इस फैसले पर उलेमा किराम व सलमान मियां ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील सैयद मोहम्मद जैद व अभिनव मिश्रा का शुक्रिया अदा किया।

# शादी में बजाया मुझको राणा जी माफ करना, फंस गए डीजे वाले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में देर रात तक मुझको राणा जी माफ करना गाने पर जमकर धमाल किया जा रहा था। परीक्षार्थियों व कॉलोनी वालों की शिकायत पर पुलिस पहुंची तो आयोजक और डीजे संचालक उलझ गए। पुलिस ने डीजे बंद कराकर आयोजक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि रोज की तरह पुलिस टीम सोमवार देर रात गश्त कर रही थी। टीम रात डेढ़ बजे अमृत धारा अस्पताल के पास पहुंची। वहां तेज गति के साथ गाने बजाए जा रहे थे। परीक्षार्थियों के साथ ही कॉलोनी के लोग भी तेज आवाज से परेशान बाहर खड़े मिले। पुलिस पहुंची तो सिविल लाइंस में एक अस्पताल से जुड़े अनमोल खुराना के आवास पर आयोजन होता मिला। पता लगा कि शादी से पहले का समारोह है। पुलिस ने डीजे के कर्मचारी भरतौल गांव निवासी अभिषेक वर्मा को विद्यार्थियों की बोर्ड की परीक्षा का हवाला देकर डीजे बंद करने को कहा। पहले तो अभिषेक मान गया। पुलिस चली गई तो थोड़ी देर बाद दोबारा से डीजे शुरू कर दिया गया।

पुलिस के साथ ही यूपी-112 पर लोगों ने तेज आवाज में गाने बजाने की शिकायत की। दोबारा से पुलिस पहुंची और डीजे संचालक अजय सिंह व डीजे कर्मचारी अभिषेक वर्मा से डीजे बंद करने को कहा। दोनों ही मारपीट पर उतारू हो गए।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। कार्यक्रम आयोजक अनमोल खुराना वहां से भाग निकला। पुलिस ने दो साउंड बॉक्स, एक एम्प्लीफायर, एक मिक्सर, दो लाइट, एक लैपटॉप आदि सामान जब्त कर लिया। कोतवाली प्रभारी अमित पांडेय ने बताया कि इन दिनों यूपी बोर्ड व विवि की परीक्षा चल रही हैं। इसलिए देर रात इस तरह आयोजन करने वालों की निगरानी करने के लिए पुलिस की तीन टीम गठित की गई हैं। लोगों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शराब पीकर उत्पात मचाने वालों की भी धरपकड़ होगी।

# नारी शक्ति के लिए प्रेरणा बनीं आईपीएस अंशिका वर्मा

- दिल्ली में मिला वुमेन ऑइकन अवार्ड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले आईपीएस अंशिका वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। दिल्ली में ब्रिक्स चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पांचवें वार्षिक महिला शिखर सम्मेलन में उन्हें सम्मानित किया गया है।

बरेली में एसपी साउथ की जिम्मेदारी संभाल रहीं आईपीएस अंशिका वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्होंने नई दिल्ली में ब्रिक्स चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पांचवें वार्षिक महिला शिखर सम्मेलन में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में कई देशों से आई महिलाओं के बीच आईपीएस अंशिका वर्मा ने पुलिस के काम की चुनौतियों को बताया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंशिका वर्मा के कामों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित शिखर सम्मेलन में महिला दिवस मनाया गया। इसमें आईपीएस अंशिका वर्मा को वुमेन ऑइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंशिका वर्मा 2021 बैच की आईपीएस हैं। वह मूलरूप से प्रयागराज की निवासी हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बिना कोचिंग के सेल्फ स्टडी से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की और सफलता पाई। अंशिका वर्मा को आईपीएस की ट्रेनिंग के दौरान आगरा के फतेहपुर सीकरी थाने में एसएचओ के तौर पर पहली जिम्मेदारी मिली थी। इसके बाद गोरखपुर में उन्हें एएसपी पद पर तैनात किया गया। गोरखपुर में करीब 10 माह के कार्यकाल के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने अंशिका वर्मा को प्रमोशन देकर बरेली का एसपी साउथ बनाया है। बरेली में वह बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मकसूदनपुर विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मकसूदनपुर विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-08.03.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-08.03.2025 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | कमल सिंह के घर से ओमवीर के घर की तरफ सीसी रोड व नाली निर्माण | 3,96,500.00 |

**फय्याज हुसैन** (प्रधान) **सचिन राना** (सचिव)

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# किठौर थाने पर कांग्रेसियों का धरना

■ **किशोरी बरामद, कोर्ट के आदेश का हवाला देकर किशोरी को एसएसपी ऑफिस ले गई पुलिस**

**बंधन बैंक में कलेक्शन एजेंट था आरोपी, 16 वर्षीय किशोरी को ले गया था बहला फुसलाकर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** 43 दिन पूर्व दूसरे संप्रदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाई गई किशोरी की बरामदगी न होने से क्षुब्ध कांग्रेस और भारतीय किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने थाने पर अनिश्चित कालीन धरना दे दिया। भीड़ के तेवर देख हरकत में आई पुलिस किशोरी को आनन-फानन में बरामद कर एसएसपी ऑफिस ले पहुंची। तत्पश्चात बेटी को परिजनों की सुपुर्दगी में देने के आश्वासन पर धरना समाप्त कराया गया। हापुड़ का गढ़मुक्तेश्वर निवासी अमरनाथ मेरठ के कस्बा शाहजहांपुर स्थित बंधन बैंक में कलेक्शन एजेंट था। बीती 20 जनवरी को वह थाना क्षेत्र के एक कस्बे से जाति विशेष की 16 वर्षीय किशोरी को भगा ले गया।

काफी तलाश के बाद 22 जनवरी को किशोरी के पिता ने उक्त युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। तभी से परिजन बेटी की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर काट रहे थे। 28 फरवरी को परिजन कांग्रेस नेता मुहम्मद आसिफ के नेतृत्व में इंस्पेक्टर से मिले। इंस्पेक्टर ने उन्हें 48 घंटे में किशोरी की बरामदगी का आश्वासन देकर लौटा दिया। लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी बरामदगी न होने पर बुधवार को कांग्रेस नेता मुहम्मद आसिफ, भारतीय किसान मोर्चा पदाधिकारी आस मुहम्मद पीड़ित परिजनों और कार्यकर्ताओं के साथ थाने के बाहर बैनर तानकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने बेटी की बरामदगी की मांग और नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे एसएसआई मुहम्मद उवैश ने दो दिन का समय मांगा तो प्रदर्शनकारी भड़क गए। उन्होंने कहा कि किठौर पुलिस की लचर कार्रवाई के कारण किशोरी नही मिल रही है। पुलिस कई बार समय ले चुकी है।

40 दिन पूर्व रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने पीड़ित परिजनों को हर बार आश्वासन देकर लौटाया है। मुहम्मद आसिफ ने कहा कि अब तो पुलिस को लड़की का जन्मप्रमाण पत्र भी दे दिया। धरनास्थल से वह बेटी लेकर जाएगा अन्यथा यहां से उसकी लाश उठेगी। पुलिस चाहे हथकड़ी लगाकर जेल भेज दे। भीड़ के तेवर देख हरकत में आई पुलिस किशोरी को तुरंत बरामद कर एसएसपी ऑफिस ले गई। किशोरी को परिजनों के सुपुर्द करने का आश्वासन देकर पुलिस ने धरना खत्म कराया। जिसके बाद पुलिस किशोरी की मां और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेरठ ले गई। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय ने बताया कि किशोरी बरामद हो गई है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पुलिस ने छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। कई दिन से मनचले छात्रा को परेशान कर रहे थे। बात न करने पर उसे धमकियां भी दे रहे थे। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने ये कार्रवाई की है। नगर निवासी छात्रा ने बताया कि मोहल्ले के दो युवक उसे काफी समय से परेशान कर रहे हैं। वह घर से बाहर निकलती तो उसका पीछा करते। कॉलेज जाती तो भी उसे परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि बीच रास्ते में रोककर आरोपियों ने उसे चॉकलेट व अपना नम्बर देने का प्रयास किया। लेकिन जब आरोपियों की हरकत बढ़ी तो पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई कर दी।

# सैफपुर-फिरोजपुर में बिना वजह के मारपीट करने वाला आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर रामराज में पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात मेट्रो चालक ने बिना कारण के गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल की डॉक्टरी के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाने पर तहरीर देते हुए क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज निवासी प्रदीप पुत्र राजवीर ने बताया कि बुधवार के दोपहर गांव के बीच में बने पेट्रोल पंप के सामने खड़ा हुआ था। तभी नया गांव खादर के पास सोनपुर निवासी अज्ञात व्यक्ति अपने मिनी मेट्रो को लेकर आया और बिना किसी वजह के गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में प्रदीप घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हालत में प्रदीप को इलाज हेतु हस्तिनापुर भिजवाया। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने कार्रवाई की मांग की है।

### एसएसपी ने जानी इंस्पेक्टर को किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** एसएसपी ने जानी इंस्पेक्टर को एक माह पूर्व क्षेत्र के गांव पांचली में रिंकू नाम के बदमाश ने पांचली निवासी इमरान की शराब पार्टी के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसके दो दोस्तों को भी गोली मारी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसएसपी ने फरार रिंकू बदमाश पर 25000 का इनाम भी घोषित किया था लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी रिंकू पकड़ा नहीं गया रिंकू को पकड़ने के लिए थाने में धरने में चेतावनी दी थी लेकिन पुलिस ने तीन दिन का समय मांग कर जल्द से जल्द रिंकू बदमाश को पकड़ने की बात कही थी और सिसौला में एक पक्षीय कार्रवाई से नाराज कप्तान ऑफिस पहुंचे थे जिसके बाद कप्तान ने एक्शन लेकर प्रभारी को लाइन भेज दिया।

# सुभारती हॉस्पिटल में मिल रहा है मरीजों को बेहतर इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंसर से जूझ रही एक महिला मरीज का सुभारती हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने जटिल ऑपरेशन और थेरेपी के माध्यम से नया जीवनदान दिया है। यह मामला एक 65 वर्षीय महिला मरीज का है, जिसे वर्ष 2022 में अन्य अस्पतालों से जवाब दे दिया गया था और परिवार को सलाह दी गई थी कि वे घर पर ही उनकी देखभाल करें। डॉक्टरों ने कहा था कि मरीज मात्र छह महीने तक ही जीवित रह पाएंगी, क्योंकि वह ग्रेड 4 स्टेज 4 ग्लियोब्लास्टोमा मल्टीफॉर्मे जीबीएम नामक आक्रामक ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थीं। स्थानीय होने के नाते, परिवार को पता चला कि सुभारती हॉस्पिटल में कैंसर के उपचार के लिए अच्छी तकनीक इस्तेमाल कर रहा है। सुभारती हॉस्पिटल में ऑंकोलॉजी डिपार्मेंट के हेड डॉक्टर अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जब मरीज हमारे पास आई तो हमने मरीज को एक साधारण कैप्सूल कीमोथेरेपी से इलाज देना शुरू किया। इस कीमोथेरेपी में मरीज को सिर्फ महीने में 5 दिन दवा लेनी होती थी। कीमोथेरेपी ने अच्छा असर किया और वह ठीक होने लगी। शुरू में इलाज का असर बहुत अच्छा रहा। लेकिन 7-8 महीने बाद कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स आने लगे। फिर दवा की खुराक थोड़ी कम की और इलाज जारी रखा। लगभग दो साल तक बीमारी ठीक रही और एक अच्छी चलती-फिरती जिंदगी मरीज ने जिया। सुभारती के इलाज के दौरान मरीज का कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया था लेकिन बाद में एक बार फिर दोबारा से उभर कर आया। परिवार निराश होकर दोबारा सुभारती कैंसर इंस्टिट्यूट पहुंचा और डॉ. अरुण कुमार से सलाह ली। इंस्टिट्यूट ने फिर से इस चुनौती को स्वीकार किया और मरीज को ऑपरेशन कराने तथा उसके बाद रेडिएशन थेरेपी देने की सलाह दी। दूसरी बार ऑपरेशन के बाद, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी को एक साथ दिया गया। मात्र 15 दिनों में ये पूरा कर लिया गया। जिसके बाद मरीज ठीक है।

## माला रेलवे स्टेशन पर पहुंचा भालू, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के बीच स्थित माला रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह एक भालू पहुंच गया जिससे भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तब वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भालू को पकड़कर पिंजरे में बंद कर दिया है। माला रेंज के समीप जंगल में माला स्टेशन के पास सुबह एक भालू देखा गया था। जिसका ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग व सामाजिक विभाग की टीम ने भालू का रेस्क्यू किया।

# बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, के आह्वान पर 98 वें दिन बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया। निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन अगले दो दिन भी जारी रहेगा।




संघर्ष के 101वें दिन संघर्ष समिति के सभी घटक श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारियों की लखनऊ में बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में निजीकरण निरस्त कराने हेतु संघर्ष तेज करने की रणनीति तय की जाएगी। उधर छह केन्द्रीय श्रम संघों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वह निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार को देखते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करें। हिन्द मजदूर सभा के अरुण गोपाल मिश्र, पीयूष मिश्र, एटक के चन्द्र शेखर, इंटक के दिलीप श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, सीटू के प्रेम नाथ राय, हेमन्त कुमार सिंह, एआईटीयूटीसी से बीरेंद्र त्रिपाठी और सेवा से सीता रावत, मीना ने संयुक्त बैठक कर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों के आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति के मामले में जिस तरह हितों के टकराव के प्रावधान को शिथिल कर दिया गया है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण की प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। केंद्रीय श्रम संगठनों की बैठक की अध्यक्षता एटक के चंद्रशेखर ने की। संघर्ष समिति मेरठ के पदाधिकारियों इं सीपी सिंह सेवानिवृत, इं कृष्ण कुमार साराश्वत, इं. शिवम् सिंह, इं. नकुल कुमार, इं. निशान्त त्यागी, कपिल देव गौतम, जितेन्द्र कुमार, दीपक कश्यप, प्रदीप दरोगा आदि ने कहा है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन निजी करण का राग बंद कर दें और बिजली कर्मचारियों को विश्वास में लेकर सुधार की प्रक्रिया में लगे। बिजली कर्मी सुधार चाहते हैं और निजीकरण के विरोध में अनावश्यक बिजली कर्मियों की ऊर्जा लग रही है। यही ऊर्जा सुधार में लगे तो बिजली की व्यवस्था में और उत्तरोत्तर सुधार होगा। जनपद में ऊर्जा भवन कार्यालय में कार्यालय समय उपरांत हुई विरोध सभा में सभी बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न, माहौल बिगड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में आमागी त्यौहरों होली, रमजान, ईद-उल-फितर एवं नवरात्रि के दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु बैठक पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई।

उन्होंने उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को कडे निर्देश देते हुये कहा कि आगामी होली व अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत विगत वर्षों में त्योहार के दौरान विवादो वाले संवेदनशील स्थलों का भ्रमण करें तथा दोनों पक्षों को कडे निर्देश देते हुये पाबन्द की कार्यवाही नियमानुसार करें। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि साफ सफाई व्यवस्था करानी सुनिश्चित कराई जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र के अधिशासी अभियन्ता विद्युत के माध्यम से विद्युत पूर्ति सुनिश्चित की जाये, कहीं भी कमी होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये तथा होलिका दहन स्थलों पर विद्युत के तारों की ऊँचाई पर विशेष ध्यान दिया जाये, यदि तार ढीले हो तो उसे तत्काल सही कराये जाये। उन्होंने कहा कि बिना कोई नई परम्परा डाले हुये पूर्व चिन्हित स्थलों पर होलिका दहन सुनिश्चित किया जाये।

इसके लिए बीट कास्टेबल भ्रमण कर व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को निर्देश देते हुये कहा कि सभी निर्धारित ड्यूटी के अनुसार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगें और वीट कॉस्टेबलों को सक्रिय करते हुये शान्ति बनाये रखें। जिससे की कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। बैठक में उन्होंने सभी समुदायों से अपील की गई कि आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखे, शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किया जाये। त्यौहारों के दौरान प्रमुख स्थानों पर यातायात नियंत्रण हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ ही साथ त्यौहारों के दिन भी पुलिस कर्मी अपने क्षेत्र के अनुसार निर्धारित स्थलों पर उपस्थित रहेगें, जिससे की कोई घटना घटित न होने पाये। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की सम्भवना हो तो तत्काल प्रशासन को सूचित किया जाये।

## फसल बुवाई के समय दोबारा गहराया डीएपी और यूरिया खाद का संकट

### डीएपी उपलब्ध न होने पर भाकियू करेगी आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गन्ना बुआई का समय चल रहा है ओर जनपद में डीएपी ओर यूरिया खाद का संकट गहरा गया है समय से आवश्यकता अनुरूप खाद डीएपी नहीं मिल रही है। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया कि फसल बुआई के समय जिला प्रशासन खाद डीएपी आवश्यकता अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं करा पाता है इस समय खाद की कालाबाजारी होती है जिस पर जिला प्रशासन जांच और कार्रवाही नहीं करता है। जल्द सप्ताह भर में खाद डीएपी आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध नहीं कराया गया तो भाकियू और जनपद के किसान जल्द आंदोलन को बाध्य होंगे और जिला मुख्यालय पर आंदोलन करेंगे। इसके लिए किसान तैयार है किसान फसल बचाओ अभियान चलाते रहेंगे। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न हो रहा है।



# जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का हुआ निशुल्क टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़ रोड स्थित फिजियो थैरेपिस्ट अस्पताल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डॉक्टर संगीता त्यागी ने नि:शुल्क टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया।

जिसमें जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए व आयरन कैल्शियम की दवाई, फोलिक एसिड, जिंक टैबलेट, ओआरएस, परिवार नियोजन के साधनों का वितरण, 16 वर्ष तक के बच्चों को आयरन की नीली गोली का वितरण किया गया। साथ ही बीसीजी, पेंटा, रोटा, पीसीबी, एफआई पीवी, डीपीटी, टीडी, एमआर व पोलियों की खुराक पिलाई गई और बुखार, एचआईवी एवं शुगर व सिफलिस टैस्ट किए गए व स्वास्थ्य विभाग की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



# रक्त की हर एक बूंद बचाती है जीवन...

■ **विद्या में लगा रक्तदान शिविर, छात्रों ने लिया हिस्सा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत रोड स्थित विद्या यूनिवर्सिटी में बुधवार को न्यूटिमा हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।




विद्या यूनिवर्सिटी के बीटा बिल्डिंग में गढ़ रोड स्थित न्यूटिमा हॉस्पिटल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्या यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. हिरेन दोषी ने फीता काटकर किया। सुबह 10 बजे से शिविर प्रारंभ होकर शाम पांच बजे तक लगाया गया। इस मौके पर प्रो. चांसलर विशाल जैन ने कहा कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विद्या परिवार सदैव आगे रहा है और इसी क्रम में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त की हर एक बूंद किसी का जीवन बचाती है, इसलिए ही रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है। वाइस चांसलर डॉ. हिरेन दोषी ने आगे बढ़कर सबसे पहले रक्तदान कर सभी को इसके लिए प्रोत्साहित किया। न्यूटिमा हॉस्पिटल की ओर से ब्लडबैंक के प्रभारी चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार के साथ डॉ. अंशुमान शर्मा, अतुल शर्मा, नेहा, सादिया, राहुल नेगी एवं उनकी पूरी टीम मौजूद रही। डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि शाम तक 44 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें छात्राओं एवं महिला फैकल्टियों का भी योगदान रहा। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अनीता कोटपाल, निदेशक डॉ. वसुधा शर्मा, कॉरपोरेट कनेक्ट एवं प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ. नेहा दोषी, निदेशक डॉ. निशांत वर्मा, निदेशक डॉ. अश्विनी वशिष्ठ, फैकल्टी ऑफ लॉ. के डीन डॉ. अनिल शर्मा, एडमिशन सेल डायरेक्टर राहुल पाठक सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरी की वारदातें, खुलासा एक का भी नहीं

करीब ढ़ाई महीने पूर्व कस्बे के मवाना मार्ग पर स्थित कालोनी में रखे ट्रांसफार्मर से लाखों रुपए की कीमत का तांबे का तार व तेल चोरी कर ले गए थे। मौके पर पुलिस पहुंची थी। अगले दिन सनोता के जंगल में किसान सुरेंद्र चौधरी, योगेंद्र, शमीम, राजवीर, बबलू, सोनू, लियाकत, उस्मान, इमरान, शाहिद ,जकी,सुक्खे आदि किसानों के नलकूप पर लगे इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर लिए थे। वहीं फलावदा नगर के जनता इंटर कॉलेज के पीछे जंगल में स्थित रविंदर सैनी, प्रमोद मोहन,ओमवीर, लइक अहमद, तौसीफ, धर्म सिंह, गुलफाम, रफीक, रतन आदि किसानों के नलकूप से ऑपरेटर, स्टार्टर, कोयल, कटाउट, केबिल आदि इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर ले गए थे। गांव नगला हरेरू में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक किसानों के टयूबवैल पर लगे लाखो रुपए की कीमत के स्टार्ट व इलेक्ट्रिक सामान व केबल चोरी कर लिए थे। पीड़िता लईका पत्नी डॉक्टर अहसान, अहसान पुत्र अजहर अली, ताराचंद पुत्र मंगलू, साजिद अली, वासिद अली पुत्र अब्दुलई, रमेश नंगला हरेरू निवासी, किसानों के नलकूप से इलेक्ट्रिक सामान चोरी करने के मामले इस घटना से पूर्व थाना क्षेत्र के गांव गडीना, मोजीपुरा, अमरोली उर्फ बड़ागांव, खाता, नगला काटर, नैडू, दादूपुर में यह गैंग चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। हंगामा करने वाले किसानों के नाम साजन प्रधान, रविंदर, नवाब सिंह, उग्रसेन, चत्रपाल, परवीन, इंद्रपाल, दिनेश, विकास, सुदेश पाल, जोनी, अजय आदि शामिल रहे हैं। सीओ अभिषेक पटेल का कहना है कि इन घटनाओं का खुलासा करने के लिए आधा दर्जन पुलिस कर्मियों की एक विशेष टीम तैयार की गई है। बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस बहुत तेजी से काम कर रही है जल्द ही इन घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
TATA
पंजीकृत पता: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपंत राव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अधीन

जैसाकि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत अधिकारो का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण अनुसार इसमें सूचीबद्ध कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों (सभी को अकेले या एक साथ "बाध्यताधारी" कहा गया है) कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिसों की तिथियों से 60 दिन के अंदर मांग सूचना मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधिन विस्तृत मांग सूचना दिनांक जारी किए गए थे. कथित सूचना की प्रतिगां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा तामील की गई हैं और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और यदि कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि चाहें तो किसी भी कार्यालय दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते है।

उपर्युक्त संबंध में एतद द्वारा कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों को एक बार पुनः सुचित किया जाता है कि कथित बाध्यताधारियों द्वारा निष्पादित ऋण के करार एवं अन्य दस्तावेजों/विलेखों के साथ पठित नीचे कॉलम (डी) में संबंधित तिथि से भुगतान और/या वसुली की तिथि तक आगामी ब्याज सहित इसमें उनके संबंधित नामों के समक्ष निर्दिष्ट राशि संबंधित सूचना की तिथियों से 60 दिन के अंदर टीसीएचएफएल को भुगतान करें. **कथित बाध्यताधारियों द्वारा निम्नलिखित सुरक्षित आस्तियां कर्ज के देय भुगतान की सुरक्षा के रुप में टीसीएचएफएल के लिए गिरवी रखी गई है।**

| ऋण खाता नम्बर | बाध्यताकारी का नाम/ कानूनी उत्तराधिकारी (एस) कानूनी प्रतिनिधि (ओं) | नीचे दी तिथि तक कुल बकाया देय (रु.) | मांग सूचना तिथि एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| 10263515, TCHIN0701000100140421 | श्री गुरवचन सिंह उर्फ सरदार गुरुवचन सिंह (उधारकर्ता) और श्रीमती जसबिंदर कौर (सह-उधारकर्ता) | 28.02.2025 तक देय धनराशि रू. 27,93,235/- (रु. सत्ताईस लाख तिरानवे हज़ार दो सौ पैंतीस मात्र) ऋण खाता 10263515. के तहत आपके द्वारा देय धनराशि तथा रू. 7,40,036/- (रु. सात लाख चालीस हज़ार छत्तीस मात्र) आपके ऋण खाता TCHIN0701000100140421 के अंतर्गत देय यानी कुल मिलाकर रू. 35,33,271/- (रु पैंतीस लाख तैंतीस हज़ार दो सौ इकहत्तर मात्र) | 28-02-2025 & 07-02-2025 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:-** वह सभी टुकड़े और पार्सल: मकान नंबर 31बी शाहदाना कॉलोनी, खुशलोक अस्पताल के सामने, डेलापीर रोड, **बरेली, उत्तर प्रदेश, एरिया क्षेत्रफल 277.43 वर्ग गज, जिसमें बिक्री विलेख में उल्लिखित सामान्य सुविधाएं के साथ, सीमा इस प्रकार है- पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** श्रीमती राजेंद्र कौर का प्लॉट, **उत्तर:** मकान नंबर 32 बी, **दक्षिण:** मकान नंबर-30 बी

संबंधित मांग सूचना दिनांक में विशेष रुप से निदिष्ट दर पर आगामी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अदायगी और/या वसूली की तिथि तक उठाया गया आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क इत्यादि. यदिजैसा की ऊपर कहा गया है कथित बाध्यताधारी टीसीएचएफएल को भुगतान नहीं करेंगे तो टीसीएचएफएल खर्च एवं परिणाम के रुप में पूरी तरह से कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के जोखिम पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों के लिए कार्यवाही करेगा।
कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि टीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियो को बिक्री, पट्टा या अन्य किसी भी रुप में हस्तांतरित करने के लिए कथित अधिनियम के अधीन प्रतिबंधित है.अधिनियम के प्रावधानों या उसके अधीन बने नियमों का उल्लंघन या उल्लंघन करने के लिए उकसाने वाला व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत यथा विहित सजा और/या दंड का पात्र होगा।

दिनांक: 06.03.2025, स्थान: बरेली
एसडी/-अधिकृत अधिकारी टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।

# एडीएम सिटी से मिलने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष, नहीं दिया भाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना के ग्राम कालंदी की घटना को लेकर बीते दिनों सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपाईयों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया था। इस दौरान सपा के कार्यकर्ताओं शेरा जाट आदि की एडीएम सिटी से जमकर तू-तू मैं-मैं हो गई थी जिसके बाद प्रशासन ने भारी पैरा मिल्ट्री फोर्स व महिला जवान मौके पर बुला लिए थे। हालांकि बाद में सपा नेत्री संगीता राहुल डीएम को ज्ञापन दे आयीं थीं। इसके बाद नये घटनाक्रम ने मंगलवार को थानाध्यक्ष सिविल लाईन ने सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, शेरा जाट, रविन्द्र प्रेमी सहित 49 अज्ञात के विरूद्ध गंभीर धाराओं में थाना सिविल लाईन में मुकदमें दर्ज किए हैं जिसके बाद बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी व रविन्द्र प्रेमी सहित कुछ लोग एडीएम सिटी से जाकर मिले और दर्ज मुकदमे का विरोध किया लेकिन एडीएम सिटी ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह मुकदमा थानाध्यक्ष सिविल लाईन द्वारा दर्ज किया गया है।



### अतुल प्रधान ने उठाया विधानसभा में मुद्दा

सपाइयों पर मंगलवार को मेरठ में हुए दर्ज मुकदमें का मामला समाजवादी पार्टी से सरधना के विधायक अतुल प्रधान ने बुधवार को विधानसभा में उठाया। उनका कहना था कि विपक्ष को दबाया जा रहा है। प्रदर्शन करने पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीडीओ ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने जिला अस्पताल, रामपुर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अस्पताल में ओपीडी, एक्स-रे, सीटी स्कैन, ब्लड बैंक, पोषण पुर्नवासन केन्द्र और इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल में डॉक्टर्स की उपस्थिति का सत्यापन किया जिसमें सभी स्टॉफ उपस्थित मिले।

इमरजेंसी वार्ड की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा पिछले 04 दिन में इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर्स, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी का रोस्टर भी चेक किया।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से ओपीडी, ब्लड बैंक तथा ईसीजी से प्राप्त होने वाली आय / व्यय के सम्बन्ध में जानकारी ली। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बेहतर मिली तथा ड्यूटी पर तैनात सभी सफाई कर्मियों को बुला कर उनकी उपस्थिति की पुष्टि भी कराई। जिला चिकित्सालय में 28 सफाईकर्मी तैनात हैं।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पोषण पुर्नवास केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया, केन्द्र में मौके पर 05 बच्चे एडमिट मिले। केन्द्र की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली।

एडमिट बच्चों के अभिभावकों से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी करने पर व्यवस्था संतोषजनक बताई गई। ओ. टी. के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की भीड़ को नियंत्रित एवं व्यवस्थित करने हेतु गार्ड तैनात करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया।

उन्होंने ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान ब्लड की उपलब्धता एवं कैंपों के आयोजन, सेंटीफ्यूज मशीन, प्लाज्मा आदि से संबंधित जानकारी ली। सीटी स्कैन कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रवेश द्वार पर रखे छोटे डस्टबिन के स्थान पर बड़े डस्टबिन रखवाने तथा साफ सफाई रखने के साथ ही सीपीआर की ट्रेनिंग दिलाए जाने एवं डी फेवलेटर का प्रयोग किए जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया।

# जगजीत डल्लेवाल के समर्थन में भाकियू असली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** खनौरी बॉर्डर पर जारी किसान नेता जगजीत डल्लेवाल के अनशन के 100 दिन पूरे होने पर बुधवार को भाकियू असली के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रफीक के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने नगर स्तिथ सरकारी गेस्ट हाउस में बैठे और प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने सांके. तिक भूख हड़ताल की। बता दें कि पिछले लंबे से किसानों की एमएसपी को लेकर कानून बनाने की मांग है।

किसानों की केवल एमएसपी को लेकर कानून बनाने की मुख्य मांग है, लेकिन सरकार यह मांग पूरा करने की बजाय किसानों पर ही अत्याचार कर रही है। गिल ने कहा कि धरने के माध्यम से किसानों की मांगों को सरकार के समक्ष रखा गया। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## खड़ी कार में पत्थर मारकर तोड़ा शीशा किशोर को थप्पड़ मारने पर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर के काशीपुर मार्ग पर खड़ी कार में पत्थर मारकर शीशा तोड़ने के विरोध में कार स्वामी ने एक किशोर को पकड़कर थप्पड़ जड दिया विरोध में उसके परिजनों ने हंगामा किया और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बुधवार को लहसुन व्यापारी फाजिल हुसैन की कार काशीपुर मार्ग पर अपने घर के सामने खड़ी हुई थी। कुछ किशोर शादी में दावत खाकर पैदल मार्ग से लौट रहे थे की किसी किशोर ने सड़क से पत्थर उठाकर कार के सामने वाले शीशे पर मार दिया। जिससे कर का शीशा टूट गया इसी दौरान कार स्वामी फाजिल मौके पर पहुंचे और पड़ोस के ही एक युवक के बताने पर उन्होंने राह चलते किशोर को पकड़ लिया और थप्पड़ मार कर चौकी ले गए थप्पड़ मारने की विरोध में उसके परिजन गुस्सा गए और मोहल्ला ढीमरखेड़ा से सड़क पर आ गए उन्होंने मारपीट का आरोप लगाते हुए का स्वामी के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया काफी देर तक नगर पंचायत गेट के बाहर हंगामा होता रहा व मुश्किल लोगों ने किसी तरह मामले को शांत किया दोनों पक्षों की और से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# सैफनी पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस ने संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चौकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने का आरोपी (गौकश) पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, गौकशी के उपकरण बरामद सैफनी पुलिस व रामपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम पुराना ललवारा क्षेत्र में संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 व्यक्तियो को पकड़ने का प्रयास किया तभी उसमें से एक व्यक्ति भूरा पुत्र रफीक कुरैशी निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूण्डा पाण्डे जिला मुरादाबाद के द्वारा पुलिस से बचने के लिये पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिस पर आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम के द्वारा जवाबी फायरिग में सरकारी पिस्टल से 02 राऊण्ड फायर किये गये जिसमें एक गोली अभियुक्त भूरा उपरोक्त की बायी टाँग में घुटने से नीचे लगी तत्पश्चात मानव रक्षार्थ हेतु अभियुक्त भूरा उपरोक्त को उपचार के लिये सीएचसी केंद्र शाहबाद रवाना किया गया।

03 अन्य अभियुक्त जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे, गिरफ्तार अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

जिसमें पुलिस ने पूछताछ कर जामा तलाशी में एक मोटरसाईकिल स्प्लेंडर,बिना नंबर प्लेट कार,एक अदद नाजायज तमंचा तीन सौ पंद्रह बोर, 2 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर,पशु बध करने के उपकरण आदि बरामद हुए।

# कोतवाली में तैनात दरोगा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



मृतक दरोगा का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** कोतवाली स्वार में काफी समय से तैनात दरोगा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली सूचना पर पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारी मौके पर पहुचे। बुधवार स्वार कोतवाली में तैनात दरा. ेगा नायब खा ने किसी कारण वंश अपने कमरे में फांसी का फन्दा लगा कर खुदकुशी कर ली सूचना पर कोतवाली प्रभारी कुलदीप मोके पर पहुच गए उन्होंने सूचना आलाधिकारियों को दी इस दौरान पुलिस अधीक्षक विद्या शरण शुक्ल व अपर पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी मौके पर पहुंच गए और सूचना परिजनों को दी दरोगा नायब खा का परिवार बरेली में रहता है।दरोगा के परिजन मौके पर पहुचे। पुलिस जांच में जुटी।

# कार्यवाही से पहले ही दोनों पक्षों ने हटाई मूर्तियां

## दोनों पक्षों को मूर्ति हटाने की दी थी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहाबाद /रामपुर।** मंगलवार की रात ही कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया में प्रशासनिक अधिकारियों चेतावनी के पहले ही दोनों पक्षों के लोगों ने बालाजी और अंबेडकर की मूर्ति को हटा लिया शांति व्यवस्था के मद्देनजर गांव में पुलिस तैनात रही। बीते सोमवार की रात्रि कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया में अंबेडकर समर्थकों ने ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि पर अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना कर दी थी जिसकी सूचना किसी ने जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह को कर दी जिलाधिकारी के आदेश पर तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा ,नायब तहसीलदार हरीश जोशी, राजस्व निरीक्षक मुक. ेश कुमार हल्का लेखपाल अभिषेक नगर व कोतवाल पंकज पन्त व हल्का दरोगा अमरपाल सिंह मय फोर्स के गांव पहुंचे और गांव के लोगों से बात की और मूर्ति हटाने के लिए कहा था इस पर ग्रामीणों ने कहा था की कुछ दिन पहले ही बालाजी की मूर्ति की स्थापना हुई है उसे भी हटाया जाए इस बात पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे देखा था तो बात सही थी तहसीलदार राकेश कुमार चंद्रा ने दोनों पक्षों के लोगों से एक दिन की चेतावनी देते हैं मूर्ति हटाने के लिए कहा था मूर्तियां ना हटाने पर कार्रवाई चेता. वनी भी दी। मंगलवार की रात को ही दोनों पक्षों ने पुलिस की मौजूदगी में मूर्तियों को हटा दिया था। शांति अवस्था के मद्देनजर कोतवाल पंकज पन्त गांव में पुलिस तैनात कर दी है।

## सभासदों ने एसपी से की कांस्टेबल की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** नगर पालिका परिषद के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने कोतवाली में तैनात एक कांस्टेबल की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है नगर पालिका परिषद मिलक के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने सभासदों ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है । जिसमें आरोप है कि नगर के कस्बा चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मी पर असमाजिक तत्वों से संबंध है जिससे और संभ्रांत व्यक्तियों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है यह दो सालों से नगर में तैनात है। सभी सभासदों ने स्थानांतरण की मांग की है प्रार्थना पत्र पर आसिम रजा खान, नाजिम खान, एजाज खान, युनुस, जलज गुप्ता, वीरवती, मुन्नी रेशमा, आशिया, आसिफा आदि मुहर सहित हस्ताक्षर है।

## ब्यूटीशियन कोर्स को घर से निकली लापता युवतियों की गुमशुदगी दर्ज



सिया शर्मा उम्र 19 वर्ष



गगनदीप कौर उम्र 29 वर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के बिलासपुर रोड पर स्थित ब्यूटी पार्लर पर कोर्स कर रही दो युवतियाँ अचानक लापता हो गई दोनों की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर जदीद निवासी संजीव शर्मा ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है जिसमें लिखा है कि मेरी पुत्री सिया शर्मा उम्र लगभग 19 वर्ष 3 मार्च 2025 को घर से ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने के लिए मिलक को गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी।

इस संबंध में कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है वहीं दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिलक मजबूता निवासी गुरप्रीत सिंह ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है जिसमें लिखा है कि मेरी पत्नी गगनदीप कौर उम्र लगभग 29 वर्ष 3 मार्च 2025 को ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने के लिए घर से गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। इस संबंध में कोतवाली पर गुमशुदगी दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन दो दिन बाद भी दोनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

# भारतीय गौ रक्षा वाहिनी का हुआ विस्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में पुरानी कर्बला के निकट नई बस्ती में भारतीय गौ रक्षा वाहिनी का किया गया विस्तार और भारतीय गौ रक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री हाफिज मुबारक अली के आवास पर उनको फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया और गौ रक्षा पर अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने बताया कि हमारी टीम बहुत अच्छा और सराहनीय काम कर रही है अगर गौ माता बीमार पड़ती है तो टीम तुरंत पहुंचकर गाय का उपचार करते हैं और इधर-उधर घूम रही गायों को पकड़वाकर गौशाला में भेजने का भी कार्य करते हैं।

हाफिज मुबारक अली को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर मुबारकबाद पेश की और गौ रक्षा कैसे की जाए।

इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गई इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के युनुस अंसारी, सैयद वारिस अली, गुड्डू भाई,, डॉक्टर, जावेद अख्तर, फरदीन अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शहजादनगर/रामपुर।** दिनांक 10.02.25 को वादी की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्त द्वारा वादी को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर करने व जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध थाना शहजादनगर पर मुकदमा अपराध संख्या 18/25 धारा 109/352/351(2) बीएनएस बनाम दानिश पुत्र मसीता खाँ निवासी ग्राम पहाड़ी थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर मे पंजीकृत किया गया । बुधवार को थाना शहजादनगर, रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त दानिश पुत्र मसीता उपरोक्त को जीरो प्वाईट शहजादनगर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## सच्ची सेवा वही है, जो बिना स्वार्थ के की जाए और किसी के जीवन में खुशी लाए: डा.सादाब खान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** डॉ. शादाब खान एक समा. जसेवी, शिक्षाविद् और प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं, जा मदीहा एजुक. ेशनल वेलफेयर सोसायटी के निद. ेशक हैं। वे शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

उनकी अगुवाई में समाज की बेहत. री के लिए कई पहल की गई हैं, जिनमें मिशन एक मुस्कान भी शामिल है, जिसके तहत जरूरतम. ंदों को सहायता प्रदान की जाती है। हाल ही में, 5 मार्च 2025 को एम. आई.एम.टी. शौकत अली रोड, रामपुर में 150 गरीब और बेसहारा लोगों को राशन किट वितरित की गई, जिससे उनकी रोजमर्रा की

MIMT A WAY TO SUCCESS
An ISO 9001 : 2008 Institute

जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। डॉ. शादाब खान समय-समय पर समाज सेवा और शैक्षिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं और जरूरतमंदों को लाभान्वित करने का कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि सच्ची सेवा वही है, जो बिना स्वार्थ के की जाए और किसी के जीवन में खुशी लाए।

# त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान लोगों को शांति का संदेश भी दिया। बुधवार को कोतवाली प्रभारी पंकज पंत के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे रामपुर चौराहा चंदौसी चौराहा बंगाली चौराहा मोहल्ला जिलेदारन व मेन मार्केट से होते हुए वापस कोतवाली तक फ्लैग मार्च किया।

कोतवाली प्रभारी पंकज पंत सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ, नगर में फ्लैग मार्च किया। इस बीच लोगों से बात कर संध्दित व्यक्तियों के बारे में कोतवाली में सूचना देने के लिए कहा ताकि समय रहते संध्दित लोगों पर कार्यवाही हो सके।

# 5 साल की इज्जह फातिमा ने रखा रोज़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** 5 साल की इज्जह फातिमा ने बुधवार को अपना पहला रोजा रखा। इतनी कम उम्र में रोजा पूरा करना गांव में मिसाल बन गया। रिश्तेदारों एवं परिवार वालों ने मासूम बेटी को पहले रोज की मुबा. रकबाद देकर गले लगाया।

स्वार क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी डॉक्टर इफ्तेखार हुसैन की पांच साल की बेटी इज्जह फातिमा ने कम उम्र में पहला रोजा रखकर क्षेत्र में मिसाल कायम कर दी। मासूम पहले रोजे से ही रोजा रखने की जिद कर रही थी। मासूम की मां ने उसे शहरी में नहीं उठाया तो वह पूरा दिन काफी रोई। बुधवार सुबह तड़के शहरी के समय मासूम खुद ही उठ गई और परिवार वालों के साथ खाना खाया। घर वालों ने दिन में इज्जह फातिमा से रोजा खोलने को कहा लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। रोजा पूरा करने पर इफ्तार के समय मासूम को घरवालों एवं रिश्तेदारों ने मुबारकबाद देकर गले लगा लिया। 5 साल की उम्र में रोजा रख कर मासूम ने क्षेत्र में मिसाल कायम कर दी।

# हर दिव्यांग बच्चा जुड़े शिक्षा की मुख्यधारा से: खण्ड शिक्षा अधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र सुनील कुमार सक्सेना के कुशल मार्ग निर्देशन में आज दिनांक 03-03-2025 को समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावक परामर्श एवं जागरूकता अभियान के तृतीय/अंतिम का कार्यक्रम का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय बगीचा एमना के परिसर में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहां हर दिव्यांग बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए, इसलिए सरकार की मंशा के अनुसार समेकित शिक्षा के अन्तर्गत हर दिव्यांग बच्चा विभिन्न संसाधनों की सहायता से शिक्षा प्राप्त करें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्पेशल ऐजुकेटर्स डॉ. आशीष पांडे व प्रमोद पाण्डेय तथा रामकिशोर ने बताया की की इस कार्यक्रम नगर क्षेत्र के नामित विभिन्न विद्यालयों से 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने समेकित शिक्षा 21 प्रकार की दिव्यांगता पर बहुत ही विस्तृत रूप से अभिभावकों को बताया। अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के साथ जुड़कर के काम करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना आने पाए इसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में अभिभावकों की तरफ से भी अपने अनुभव लोगों के साथ शेयर किया और बताया कि दिव्यांग बच्चों के साथ पूरे मनोयोग से जुड़कर के काम करें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. रिजवान ने बताया की सरकार अब पूरी तन्मयता के साथ दिव्यांग बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है और विभिन्न योजना संचालित कर बच्चों को इसका लाभ भी हो रहे है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तनवीर आयशा, तबस्सुम शौकत, चमन, तलत निगार,अरविंद कश्यप के साथ-साथ नामित विद्यालयों की नोडल शिक्षकों ने विभागों को प्रतिभाग करा कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के विद्यालयों में नामांकित 50 बच्चों के अभिभावकों ने अपनी गरिमय उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष पाण्डेय व प्रमोद पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के अन्त में खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगरक्षेत्र द्वारा सभी उपस्थित बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी भी वितरित की गयी।

# रामपुर में बसपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

## प्रमोद सागर निरंकारी बनें बसपा के जिला प्रभारी



प्रमोद सागर निरंकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को मुरादाबाद मंडल की समीक्षा बैठक मुरादाबाद मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मंडल के जिलेवार संगठन की समीक्षा की गई समीक्षा में उपस्थित मुनकाद अली पूर्व सांसद राज्यसभा एवं प्रभारी मंडल कानपुर, बरेली, मुरादाबाद तथा जाफर मलिक प्रभारी मंडल, रणविजय सिंह प्रभारी मंडल मुरादाबाद की संस्तुति पर जिला रामपुर की कमेटी घोषित की गई। जिसमें प्रमोद सागर निरंकारी एडवोकेट को जिला प्रभारी, राजेश प्रकाश सैनी को जिला प्रभारी, ज्ञान प्रकाश बौद्ध को जिला अध्यक्ष, हबीबुल रहमान को जिला उपाध्यक्ष, रमेश श्रीवास्तव को जिला महासचिव, सतपाल सिंह को जिला सचिव, अखिलेश गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष, राजीव अंबेडकर को जिला कार्य सदस्य, अर्जुन सिंह सागर को जिला कार्य सदस्य, दिलीप सिंह को वि.वा.एफ. जिला संयोजक तथा कमलेश देवी को बामसेफ जिला संयोजक घोषित किया गया है। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी की घोषणा से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारी को फूलमाला पहनकर स्वागत किया

# सीडीओ की अध्यक्षता में सैदनगर विकास खण्ड के प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की आकांक्षी विकास खंड की सूची में शामिल सैदनगर विकास खंड की प्रगति की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में विकास खंड सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विकास खंड की 50 संकेतकों पर समीक्षा की गयी, जिसमें यह पाया गया कि विकास खंड के 50 संकेतकों में से 13 संक. ेतकों को जनवरी-2025 माह में संतृप्त कर लिया गया है।

इस दौरान बाल विकास एवं परियोजना अधिकारी ने बताया कि फरवरी माह में 2 अन्य संकेतकों को भी संतृप्त कर लिया गया है।

माध्यमिक शिक्षा के संकेतकों की असंतोषजनक प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी ने फटकार लगाते हुए सही डाटा पोर्टल पर फीड करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी सत्र के लिए लक्ष्य निर्धारित करने से पहले जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के संज्ञान में लाकर पोर्टल पर भरने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग के सभी संकेतक संतृप्त किए जा चुके हैं।

कौशल विकास के संकेतक की प्रगति बहुत कम होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने उसमें अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रदान किये जाने वाले प्रशिक्षण की संख्या को जोड़ने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि माह दिसम्बर-2024 में सैदनगर विकास खंड की 108 विकास खंड में 6 वीं रैंक है, जिसे और सुधारने के लिए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.एसपी सिंह, उप कृषि निदेशक शैलेंद्र कुमार व सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ यूनिसेफ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को नाबा. लिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । मामला बीते 2 फरवरी का है जब कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग पीड़िता ने अपनी भाभी के साथ आकर कोतवाली शाहबाद में एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अमित पुत्र निवासी ग्राम रघुनाथपुर थाना शाहबाद जिला रामपुर पीड़िता को अपनी बाइक पर बैठाकर अनवा के जंगल में ले गया तथा पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस शाहबाद ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। मुकदमे की जांच क्राइम इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह के द्वारा विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई । बुधवार को घटना का सफल अनावरण करते हुए क्राइम इंस्पेक्टर संजय सिंह ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी अतिरिक्त निरीक्षक जयप्रकाश सिंह तथा उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौधरी व हेड कां. बाल किशोर के साथ आरोपी अमित को ग्राम ठिरिया जदीद जाने वाले रास्ते पर पुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्या.में पेश किया।



# भाकियू भानु ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** भाकियू भानू के जिला अध्यक्ष नेतृत्व के में कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और किसानो की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की गई । बुधवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष सलीम वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ता और सदस्य एवं पदाधिकारी मिलक के पटेल पार्क में इकट्ठा हुए और किसानो की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की।

उसके बाद प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी मिलक सुनील कुमार को मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्री ज्ञापन होते हुए समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसान का 10 वर्षों में गाना मूल में भर्ती नहीं की गई है अगर हुई है तो वह मात्र 10 व 20 रुपए की जो कि ना के बराबर है जो मोटरसाइकिल कोरोना कल में 55 हजार 60 हजार की थी वह आज लाखों रुपए की हो चुकी है धान की भूसी 400 से 5 सौ रुपये प्रति कुंतल परंतु गन्ना वही 350 रुपए कुंतल जिससे किसान बहुत नाराज है गन्ना मूल्य 5 सौ प्रति कुंतल किया जाए। किसान अपने बच्चों की फीस भी जमा नहीं कर पा रहा है बच्चों की शादी नहीं कर पा रहा है ऐसे में किसान के घरेलू हालात खराब होते चले जा रहे हैं कर्ज के तले दबता जा रहा है और कर्मचारी लाखों से करोड़पति होता जा रहा है । सरकार को किसान का कर्ज माफ करना चाहिए किसानो को 90% की सब्सिडी देनी चाहिए एवं डीजल पेट्रोल पर जीएसटी हटानी चाहिए किसान के काम आने वाली है एग्रीकल्चर की सभी चीजों पर चाहे ट्रैक्टर ट्राली थ्रेशर कल्टीवेटर हैरो कोई भी चीज हो उसे पर 70% की सब्सिडी दी जाए दूसरे देशों में किसानों को 90% की सब्सिडी दी जाती है। हमारे देश का किसान परेशान बेकार घूम रहा है यह बड़े शर्म की बात जिस देश का अन्नदाता परेशान और भूखा हो वह देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। पंचायत में प्रांतीय प्रवक्ता भानु प्रताप गंगवार ने कहा कि बिलासपुर से बीकानेर चंद्रपुर गुलामगंज गडरिया हरसू लंगड़ा तक जिसका पानी टेल तक नहीं पहुंच रहा है ग्राम चंद्रपुरा के आगे बंद है जिसे तुरंत सफाई व खुलवाकर पॉइंट देर तक खुलवाया जाए बिजली विभाग पूरी तरह से अवैध वसूली पर उतारू है गरीब किसान मजदूर की सुनने के लिए तैयार नहीं है यह गंभीर मामला है बिजली के बिल अधिक आ रहे हैं दो सो की जगह 3 हजार रुपये इनकी जांच कर बिलों को सही कराया जाए एवं संविदा कर्मियों को कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए गत वर्ष 2024-25 में जो धान व गेहूं की खरीद हुई थी वह बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई थी गरीब अनपढ़ किसानो की जमीन का रकवा अधिक दिखाकर चार बीघे का चार एकड़ दो बीघे का दो एकड़, पांच बीघे का 5 एकड़ इस तरीके से सरकारी सब्सिडी और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया जो कि अधिकारियों की मिली भगत के द्वारा किया गया इस संबंध में लगातार कई बार जिलाधिकारी व तहसील में भी कई बार ज्ञापन दिए गए लेकिन अधिकारियों ने गोलमोल कर ठंडे बस्तों में डाल दिया। इस मौके पर अकरम खान, मोहम्मद अहमद प्रधान कदीर आलम सोमपाल आर्य तेज बहादुर सिंह गुरविंदर सिंह अनिल पाल सिंह बृजेश पाल माखनलाल अनोखेलाल झंडू सिंह कृपाल सिंह महेश अहमद नबी धीरेंद्र कुमार पाल सिंह सत्य प्रकाश बुद्ध सेन मोहन स्वरूप हरि किशोर राम नारायण आदि किसान मौजूद रहे।



# जिले में 8 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च 2025 को किया जायेगा।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सिंह ने बताया कि 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादों (जिला न्यायालय एवं मा. उच्च न्यायालय में लम्बित वाद) एवं अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुरोष वाद) को निपटाया जायेगा। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित वादों को चिन्हित कर श्रेणीवार अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएं तथा उभय पक्षों को नोटिस भी तामीला करायी जाए। यदि आवश्यक हो तो नोटिस तामीला एक से अधिक बार करायी जाए। राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए है उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्रीलिटीगेशन) स्तर पर निपटाया जा सकता है।

# रामपुर के वकीलों को मिल रहा अन्य जिलों के वकीलों का समर्थन

**चेंबर तोड़कर विटनेस शेड बनाने का हो रहा विरोध**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को रामपुर बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन रामपुर अधिवक्ताओ ने बार एसोसिएशन के सामने जो वकीलों के चैंबर्स हैं उनको तोड़े जाने के विरोध में सभी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सामने बुधवार को भी धरना जारी रखा और न्याय विभाग द्वारा पारित 12 कक्ष बनाये जाने के प्रस्ताव का एक ससुर में विरोध किया। एक ज्ञापन मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को को जरिये डीएम को दिया। धरना की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राम सिंह लोधी बार व लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सिराज अहमद के की द्यधरने में बरिष्ठ उपाध्यक्ष जाहिद अली, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रईस अहमद एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष बलबीर सिंह, सुखविंदर सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष दिलशाद हसन, तलत मियां, मोव शैजी खां, अरविन्द कुमार सैनी , जितेंद्र प्रधान, रियासत अली, अकबर अली, दलजीत सिंह राणा, संजीव यादव, रिजवान अली,, प्रकाश मसीह, मान सिंह, नरेश चन्द्र लोधी, वेताब सिंह यादव, रोहन सिंह आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।



# एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चला कर आज एक और वारंटी को गिरफ्तार किया पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी सोमपाल उर्फ भूरा पुत्र राय सिह निवासी ग्राम पुरैनिया कला थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 218/22 मुकदमा अपराध संख्या 205/22 धारा 60(1) आ.अधि. मा. न्यायालय अपर सिविहल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत को आज खुद के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

# अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में मीटिंग में भाग लिया और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा ।और क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त बनाने की मांग की। 2 मार्च को लखनऊ में आयोजित अपना दल एस की मीटिंग में स्वार टांडा के विधायक शफीक अहमद अंसारी के नेतृत्व में पार्टी जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव डॉ समी अहमद समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने मीटिंग में भाग लिया और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से भेंट की और उन्हें ज्ञापन सौंपा जिसमें क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा कई समस्याएं शामिल रही कार्यकर्ताओं ने समस्याओं के निस्तारण की मांग की कैबिनेट मंत्री ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है इस मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह भी साथ रहे।



# शिक्षा के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी: राजीव कुमार

**रामपुर।** आयुष विभाग रामपुर द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम जी के निर्देशन में मॉडल मोंटेसरी स्कूल किला में योग शिविर का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम और योगा. सन कराए। उन्होंने कहा कि प्रातःकाल जल्दी उठकर खाली पेट गुनगुना पानी पीने की आदत डालें। नियमित योग करें, शिक्षा के साथ ही अच्छा स्वास्थ्य पाने के लिए प्रतिदिन योग अपनाए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम करें। भस्त्रिका कपाल भांति अनुलोम विलोम भ्रामरी ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशक आसन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन, हलासन आदि योगा. सन कराए। सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक योग अभ्यास का आनंद लिया।




# एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मंगलवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी छत्र पाल सिंह पुत्र जयदेव सिंह निवासी ग्राम भूवरी स्वार को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अजय कुमार शुक्ला, कास्टेबल छत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन का पौल टूटने से नगर सहित 32 गांवों की बिजली 20 घंटे रही ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मंगलवार की शाम आठ बजे के करीब किसी वाहन ने हाईटेशन लाइन के पौल मे टक्कर मार दी टक्कर लगने से बिजली पौल टूट गया जिसकी वजह से नगर सहित क्षेत्र की बिजली गुल होगई जिससे क्षेत्रवासियों को रातभर अंधेरे में रहना पड़ा और परेशानी का सामना करना पड़ा। टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी उपेन्द्र पहुंच रही 33 हजार के बी लाइन में मंगलवार की रात आठ बजे के करीब किसी वाहन ने मुरादाबाद बाजपुर मार्ग के किनारे गौशाला के पास खम्बे मे टक्कर मार दी टक्कर लगने से पौल टूट कर गिर गया ओर ब्रेकडाउन हो गया जिससे क्षेत्र वासियों को रात भर दिक्कतों का सामना करना पड़ा और अंधेरे में ही रात बितानी पड़ी। ब्रेकडाउन से मसवासी चाउपुरा भूबरा बिजारखाता रहमतगंज सीतारामपुर मिलक नौखरीद घोस. ीपुरा धर्मपुर शिकारपुर सेमरा लाडपुर मंसूरपुर कुंदनपुर अलीगंज खोदकला खानपुर उत्तरी मजरा राज्वला, नानकार रानी, शिव नगर, लोहड़ी बब्बरपुरी, नन्हे का मजरा , काजी का मजरा समेत आसपास के 32 गांव की बिजली लगभग 20, घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा बिजली पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही जिससे नागरिकों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ा। उधर अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार ने बताया की हाई टेंशन लाइन का खम्बा टूटने से ब्रेकडाउन होगया था खम्बा खड़ा कर बिजली आपूर्ति दुरुस्त करा दी गई है।



# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को रिस्तेदार के घर शादी में अपने बच्चों को छोड़कर घर जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल किया रेफर। जानकारी के अनुसार जिला रामपुर के थाना भोट क्षेत्र के बांसनगली निवासी दिनेश अपने बच्चों को लेकर अपनी फुफेरी साली की शादी में मंगोली आए हुए थे।

साली की शादी में अपने बच्चों को छोड़कर अपने घर वापस जा रहे थे। तभी शाहबाद बिलारी मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से शाहबाद सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



# संयुक्त रूप से तीन दिन तक हड़ताल पर रहेंगे दोनों बार एसो. के वकील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रामपुर कचहरी में बने पुराने चौम्बरों को बचाए जाने की मुहिम में बार वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने संयुक्त रूप से तीन दिन रामपुर बार एसोसिएशन के समर्थन स्वरूप हड़ताल पर रहने की घोषणा कर दी है।बार वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने बैठक कर कहा कि रामपुर में वकीलों के साथ ज्यादती की जा रही है।

निर्णय लिया गया कि रामपुर कचहरी के वकीलों के पाँच दशकों से अधिक पुराने चौम्बर्स न तोड़े ने दिए जाएंगे। इसके संघर्ष में शामिल होने का निर्णय लेते हुए नये न्यायालय भवन के निर्माण को अन्यंत्र स्थान पर निर्माण कराए जाने की मांग की है। बैठक की अध्यक्षता गुरनाम सिंह सन्धु और राजेन्द्र नाथ गोस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

इस दौरान दोनों बारों के वकील मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स में समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
ब्यूरो चीफ रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का दूसरा गेट रामपुर
सम्पर्क सूत्र :-9720093014



# स्टीव स्मिथ ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

**■ टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं: स्टीव स्मिथ**

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

न्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कलमस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्मिथ के बयान को जारी किया। स्मिथ ने अपने बयान में कहा कि वनडे में उनकी बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्वकप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्व. कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और इंग्लैंड के साथ घरेलू सीरीजी है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर बहुत क्रिकेट शेष है। स्मिथ ने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में पदार्पण किया था और उन्होंने 170 एकदिवसीय मैचों में 43-28 की औसत से 5800 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने 34-67 की औसत से 28 विकेट भी लिए हैं।

स्मिथ ने 2015 में लगातार पांच बार 50 से अधिक स्कोर बनाया था, इसमें सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 105 रनों की पारी भी शामिल थी। फाइनल में स्मिथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 56 रनों की पारी खेलते हुए विजयी शॉट भी लगाया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना कीवीयों से

**■ कीवियों ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-विलियम्सन के शतक**

**■ लुंगी एनगिडी को तीन विकेट मिले और रबाड़ा ने भी दो विकेट चटकाए**

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया।

न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्द्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र (108), केन विलियमसन (102) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। आठवें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने विल यंग (21) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने रचिन रविंद्र के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी हुई। रचिन ने 32वें ओवर की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना पांचवां एकदिवसीय शतक बनाया। 33वें ओवर में कगिसो रबाडा ने रचिन रविंद्र को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 101 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (108) रनों की पारी खेली।



रचिन रविंद्र
108



केन विलियमसन
102

## ● रचिन रवींद्र ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड ●

# आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके सबसे कम पारियों में किया कारनामा

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाया। रचिन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 108 रनों की पारी खेली। इस शतक के साथ ही उन्होंने एक ऐसा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो कि रोहित-विराट जैसे दिग्गजों के बस की बात भी नहीं रही। दरअसल रचिन रवींद्र आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके हैं और ये कारनामा उन्होंने सबसे कम पारियों में किया है। रचिन रवींद्र ने महज 13 पारियों में 5 शतक लगाए हैं। बड़ी बात ये है कि उनके वनडे करियर में भी पांच ही शतक हैं और ये सभी उन्होंने वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में लगाए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने 3 शतक लगाए थे और अब चैंपियंस ट्रॉफी में इस बल्लेबाज ने 2 शतक ठोक दिए। 30 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा आईसीसी वनडे शतक सिर्फ सचिन और रचिन ने ही बनाए हैं। दोनों ने 5-5 शतक लगाए थे।

# वरुण ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

## ● आईसीसी वनडे रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया के गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में देश दुनिया केएक, दो या 50 नहीं पूरे 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, जो कि अपने आप में बड़ी बात है। वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है, मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं। वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है।

भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है। दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं। मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं। अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने टॉप 100 में एंट्री ले ली है। वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पाइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं। साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबा. जों की लिस्ट में टॉप 10 में भारत से सिर्फ कुलदीप यादव हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ताजा रैंकिंग में 3 स्थान गिरकर छठे नंबर पर आ गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शन का इनाम मिला है। वो आईसीसी की ताजा रैंकिंग में 3 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रवींद्र जडेजा 13वें नंबर पर बरकरार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 2 स्थान गिरकर 14वें नंबर पर आ गए हैं।



# मांडविया ने स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 49 सदस्यीय भारतीय दल को दी बधाई

**■ तीस एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर दी बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को इटली के ट्यूरिन शहर में आठ मार्च से शुरु होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में शामिल होने वाले 49 सदस्यीय भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित भव्य विदाई समारोह में डा- मांडविया ने ट्यूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस समारोह में विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निद. ेशक डॉ वीके महेंद्रू उपस्थित थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और वैश्विक मंच पर सफलता हासिल कर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार होने के लिए उनका हौसला-अफजाई की। इटली में आठ मार्च से 15 मार्च तक होने वाले विशेष ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में भारतीय दल के 30 खिलाड़ी छह खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में इस बार 102 देशों के 1500 एथलीट आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। समारोह के अंत में एथलीटों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सौभाग्य के प्रतीक के रूप में पारंपरिक हिमाचली ऊनी कपड़े भेंट की गयी।



### खेल विशेष

# कुछ लोगों को हमेशा होती है शिकायत करने की आदत:गंभीर

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के एक ही पिच पर खेल कर अनुचित लाभ लेने को लेकर हो रही चर्चा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमेशा शिकायत करने की आदत होती है।

गंभीर ने पिच की परिस्थितयों के सवाल के जवाब में कहा कि यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हम आखिरी बार यहां कब खेले थे। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाला टूर्नामेंट था। उन्होंने कहा कि इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में केवल एक मुख्य स्पिनर को खिलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खिलाए। जहां तक 'अनुचित लाभ' की बात है इसके बारे में बहुत बहस हो रही है।

# रग्बी इंडिया ने किया रग्बी प्रीमियर लीग लोगो का अनावरण

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ और जीएमआर स्पोर्ट्स ने पहले रग्बी प्रीमियर लीग के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। भारत में रग्बी के नए युग की शुरुआत हो गई है। फैंचाइजी-आधारित रग्बी 7एस लीग का शुभारंभ 2025 में होगा। इस लीग में छह शहर-आधारित टीमें भाग लेंगी। लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष रग्बी खेलने वाले देशों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इस अवसर पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने लोगो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि रग्बी 7एस अविश्वसनीय गति, शानदार कौशल और अद्भुत शक्ति का खेल है। रग्बी प्रीमियर लीग इसे भारत में एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह लोगो लीग की ऊर्जा, गतिशीलता और उच्च- ऑक्टेन एक्शन को दर्शाता है। जीएमआर स्पोर्ट्स के अनुभव और सभी हितधारकों के समर्थन के साथ, हम भारतीय रग्बी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए तैयार हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी सुजॉय गांगुली ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग के लोगो का अनावरण भारतीय रग्बी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# कोहली की बैटिंग के बीच सो गई अनुष्का

**दुबई, वार्ता।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विराट कोहली ने 84 रनों की पारी से मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं।

अब उनके सोने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। भारतीय टीम के इस अहम मैच में विराट को सपोर्ट करने के लिए उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सोती हुई दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि विराट की बैटिंग देखते-देखते उन्हें नींद आ गई थी। भारत की बैटिंग के दौरान 15वें ओवर के बाद ब्रेक के समय कैमरामैन ने अनुष्का शर्मा को सोते हुए दिखाया था। कोहली इस दौरान 28 गेंद में 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस लिहाज से देखा जाए तो वह थोड़ी धीमी बैटिंग कर रहे थे। लेकिन हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि उन्हें विराट की बैटिंग की वजह से ही नींद आई थी। हालांकि, विराट की धीमी की पारी की बात करें तो इस तरह की बल्लेबाजी के पीछे भी एक बड़ी वजह थी। दरअसल, पावरप्ले में ही दो विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम थोड़ी दबाव में आ गई थी। तब भारत को मैच में पकड़ बनाने के लिए विकेट बचाने के साथ एक साझेदारी की जरूरत थी। अनुष्का का एक और वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विराट जीत के बाद उनके सामने जश्न मनाते हुए दिख रहे हैं।

# टीम इंडिया ने अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया: गौतम गंभीर



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। रोहित एंड कंपनी अभी तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि अभी तक उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में भारत से सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिलेगा। भारत ने मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया था। इस मैच में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली थी। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कान्फेंस में कहा, श्अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।श उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। उन्होंने कहा, श्अभी हमें एक मैच और खेलना है।

# रैंकिंग में भी चमके विराट, अय्यर को भी फायदा

**■ ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष-10 में चार भारतीयों का दबदबा है, गिल पहले स्थान पर**

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है।

वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले ह" ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए। विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है।

वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए। आलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 6 मार्च 2025

## टैरिफ से फायदा या नुकयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा ने दुनिया भर के बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे भारत को नुकसान होगा या फायदा हो सकता है, इसके लिए भारत को हर हाल में तैयार रहना होगा। क्या यह फैसला भारत के लिए गोल्डन चांस भी साबित हो सकता है, अगर इस पर नजर दौड़ाई जाए, तो अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आयात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) लगाने से भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन पर टैरिफ बढ़ाया था, तब भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल था, जिन्हें इसका सीधा फायदा हुआ था। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो यह अमेरिका के साथ बेहतर व्यापार समझौता यानी ट्रेड डील हासिल कर सकता है और यूएस मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत बना सकता है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीन पर लगाए गए उच्च टैरिफ से भारत को अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को और मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में चीन, मैक्सिको और कनाडा के प्रोडक्ट महंगे होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बन सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे इन देशों से अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता घटेगी। इसका सीधा फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स इसकी तुलना में सस्ते होंगे और अमेरिकी बाजार में अपनी जगह मजबूत कर सकते हैं। खासतौर पर इन सेक्टर्स को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत और चीन के लिए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अगर भारत एक फेवरएबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल कर लेता है, तो यह अमेरिका में अपने व्यापार का दायरा बढ़ा सकता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है, तो अमेरिकी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगा सकती हैं। इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। चीन, मैक्सिको और कनाडा के महंगे सामान के मुकाबले भारतीय प्रोडक्ट कम कीमत और अच्छी क्वालिटी के कारण ज्यादा बिक सकते हैं। लेकिन घरेलू भारत को अपने घरेलू उद्योगों और किसानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। यदि भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल करता है और अपने एक्सपोर्ट सेक्टर को मजबूत करता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, भारत को सही रणनीति अपनाने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

### भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा



**उत्तर** प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है, सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है, इनका काम ही नाम बदलना है, इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है, अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है, सम्भल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी।

शिवपाल सिंह
महासचिव, समाजवादी पार्टी

## त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियां

> भारत में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा अभी भी जारी है, तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति के प्रति कड़ा विरोध भाषाई पहचान और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंताओं को उजागर करता है, वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना, केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है, आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है




प्रियंका सौरभ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफ़ी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर ज़ोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिकृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएं, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है।

अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई






विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है। इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठ्डक्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अक्सर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 प्रतिशत छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएँ सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक ज़ोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रि-भाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेज़ी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशालाएं पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, कैरियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे भाषाई विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज़ मिल सकेगी। मूल समस्या, शिक्षा में भाषा मानक और शिक्षण गुणवत्ता में गिरावट। कोचिंग सेंटरों ने विज्ञान और गणित में बढ़त ले ली है, तथा भाषा शिक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यद्यपि कई सरकारी स्कूलों में अंग्रेज़ी एक अनिवार्य विषय बन गया है, फिर भी प्रवीणता का स्तर निराशाजनक रूप से निम्न बना हुआ है।

शिक्षकों का सीमित अंग्रेज़ी कौशल सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव डालता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा की ओर बदलाव से स्पष्ट है। हिन्दी के लिए भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है, इस भाषा में शिक्षण स्तर का भी उतना ही अभाव है। हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को अक्सर सक्रिय शिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण के बजाय मात्र सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ने की आदतों में गिरावट भाषा शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्त्वपूर्ण चुनौतियों की ओर इशारा करती है। स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है, जिससे अंततः दीर्घकालिक भाषा कौशल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत की विविधता में एकता बनाए रखने के लिए एक समेकित भाषाई ढांचा तैयार करना आवश्यक है। भाषा के चयन में लचीलापन प्रदान करना, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाना, तथा क्षेत्रीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यान्वयन सम्बंधी बाधाओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। अनुवाद और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग भाषाई विभाजन को प्रभावी ढंग से पाट सकता है।

## रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।

### डायबिटीज नियंत्रित रखना

अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3-4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

### हीमोग्लोबिन बढ़ता है

अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

### कैंसर से लड़ता है

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से



खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।

### हड्डियां मजबूत होती हैं

अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

### पाचन तंत्र बेहतर होता है

अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइहर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

> अंजीर के सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं, अंजीर स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है इस लेख में हम आपको बजाएंगे अंजीर खाने के फायदे क्या होते हैं, इसे आहार में शामिल करना काफी जरूरी है

*डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें*

### रेस्पिरेस्टरी इश्यूज में लाभकारी माना जाता है तुलसी का सेवन

वैसे तो हम सभी के घर में तुलसी का पौधा होता है। वहीं तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है और हर कोई इसको इस्तेमाल करता है। वैसे तो लोग हर मौसम में तुलसी का सेवन करते हैं, लेकिन ठंड के मौसम में इसका इस्तेमाल विशेष रूप से किया जाता है। क्योंकि ठंड के मौसम में जिद्दी खांसी से लेकर कंजेशन जैसी कई तरह की सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रेस्पिरेटरी हेल्थ इश्यूज को दूर करने में तुलसी बहुत कारगर मानी जाती है।

संक्रमण से लड़ने से लेकर बलगम को साफ करने तक में तुलसी कई तरह से लाभकारी मानी गई है। तुलसी में एंटी-ऑक्सिडेंट, एसेंशियल ऑयल और कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को बेहतर रखते हैं। ऐसे में आप तुलसी को अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिल सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेस्पिरेटरी इश्यूज को दूर करने में तुलसी किस तरह से फायदेमंद हो सकती है।

## वन्यजीव संरक्षणः परिस्थितिकीय तंत्र का बनाए रखना जरूरी

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती



### विलुप्ति की ओर बढ़ते वन्यजीव

पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया।



योगेश कुमार गोयल

> लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं

## केमिकल रंगों से रहें दूर, होली के लिए फूलों से बनाएं 5 हर्बल रंग

### कलर के साथ चेहरा भी खिलेगा



होली हर्षोल्लास, रंग और जश्न का फेस्टिवल है। इस त्योहार के दौरान मौज-मस्ती और स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं। होली के दिन एक-दूसरे को प्यार से रंग लगाकर सारे गिले-शिकवे भुलाकर इस पर्व को जश्न मनाते हैं। अगर आप भी इस बार सुरक्षित और केमिकल फ्री वाली होली मनाना चाहते हैं, तो आप मार्केट में मिलने वाले नकली और केमिकल रंगों की जगह घर पर ही फूलों से प्राकृतिक रंग बना सकते हैं। ऑर्गेनिक गुलाल बनाना बेहद ही आसान है।

### होली पर फलों से बनाएं गुलाल...

**1 पीला रंगः-** आपके घर में या फिर नर्सरी में फूलों का बहार जरुर होगी। आपके घर में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल करके पीला रंग बना सकते हैं। पीला रंग बनाने के लिए पानी में थोड़ी सी हल्दी डालकर गेंदे के फूल को उबा लें। होली खेलने के लिए आपका पीला रंग तैयार है।

**2 नीला रंगः-** नीला रंग बनाने के लिए आप अपराजिता के फूलों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए अपराजिता के फूल को 3 से 4 दिन पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को पानी में घोलकर होली के लिए नीला रंग बना सकते हैं।

**3 गुलाबी रंग का गुलालः-** गुलाबी रंग बनाने के लिए आपको गुलाब के फूलों को पानी में उबालकर उनसे गुलाबी रंग तैयार कर लें। इस रंग को बनाने के लिए उसमें अरारोट मिलाएं। जब यह सूख जाएगा, तो गुलाबी रंग का गुलाल तैयार होगा।

**4 केसरिया रंगः-** होली के लिए पलाश और गेंदे के फूल से आप केसरिया रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आपको 100 ग्राम पलाश के सूखे फूल एक बाल्टी में पानी उबालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर अलग कर दें। केसरिया रंग बनकर तैयार है।

**5 लाल रंग का गुलाल** होली के लिए आप बुरांस और गुड़हल के फूलों से लाल रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आप बुरांस और गुड़हल के सूखे फूलों को पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप पानी वाला रंग बनाना चाहते हैं, तो इस रंग को पानी में मिलाकर हर्बल रंग तैयार हो जाएगा।



# चीन ने दी ट्रम्प को खुली चुनौती

## अमेरिका युद्ध चाहता है, तो अंत तक लड़ेंगे

- कहा: फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है
- मेक्सिको-कनाडा के माल पर अमेरिकी शुल्क संबंधों के लिए निराशाजनक: मेक्सिको

**वाशिंगटन/बीजिंग/मेक्सिको सिटी।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है। इसी बीच मेक्सिको की कंपनियों के एक बड़े संगठन (कोपरमेक्स) ने अमेरिका की ओर से मेक्सिको और कनाडा के माल पर 25 प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने के निर्णय को उसके साथ संबंधों की दृष्टि से निराशाजनक बताया है। कोपरमेक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम उत्तरी अमेरिका के तीन देशों, अमेरिका-मेक्सिको- कनाडा के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के सिद्धांतों के खिलाफ है। मेक्सिको की कंपनियों के इस संगठन ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से उसके साथ व्यापार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इसका असर मेक्सिको की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कोपरमेक्स को डर है कि अमेरिकी बाजार में मेक्सिको का निर्यात प्रभावित होने पर मेक्सिको में मंदी पैदा हो सकती है और अमेरिकी डालर के मुकाबले उसकी मुद्रा पेसो की विनिमय दर गिर सकती है तथा कंपनियों की उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि फरवरी में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद इन दोनों देशों के खिलाफ शुल्क लगाने का निर्णय एक महीने के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रम्प ने अब कहा है कि इन देनों देशों के खिलाफ अमेरिका की प्रशुल्क योजना पहले की घोषणा के अनुसार लागू होंगे, क्योंकि इन देनों ने कोई अनुकूल कदम नहीं उठाया है।

## ट्रम्प को मिला जेलेंस्की का पत्र, कहा: यूक्रेन फिर से वार्ता को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है, यूक्रेन स्थाई शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नही चाहता मेरी टीम और मैं स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की मदद के लिए वाशिगटन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ट्रंप ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, खनिज और सुरक्षा पर समझौते के संबंध में यूक्रेन आपके लिए सुविधाजनक किसी भी समय इस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। मैं सराहना करता हूं कि उन्होंने यह पत्र भेजा। अभी कुछ देर पहले ही मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्होंने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है।

# हूती का दावा: अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**अदन, यमन/रामल्लाह।** यमन के हूती विद्रोहियों की सेना ने घोषणा की कि उन्होंने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 टोही ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि होदेइदाह प्रांत में यमनी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने और शत्रुतापूर्ण अभियान चलानेह के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि यह हूती बलों द्वारा वादा किए गए मुक्ति और पवित्र जिहाद की चल रही लड़ाई के दौरान निष्क्रिय किया गया यह 15वां विमान है, जिसे वे गाजा और लेबनान का समर्थन करने वाला अभियान बताते हैं। हूती दावे के संबंध में अमेरिकी सैन्य या राजनयिक स्रोतों से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती समूह ने पहले इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन के रूप में लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को लक्षित किया है। वहीं इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ क़सम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फ़लस्तीनी को मार डाला। फ़लस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े सुदृढीकरण द्वारा समर्थित इज़रायली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। जिसके बाद वहां हिसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इज़रायल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया। एक बयान में इजरायली सेना ने आयसर की हत्या की पुष्टि की और आरोप लगाया कि वह इजरायली ठिकानों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था। बयान में यह भी दावा किया गया कि मारा गया दूसरा फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा था। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि जेनिन में आतंकवादी तत्वों के रूप में वर्णित लोगों को पकड़ने के लिए सैन्य अभियान जारी रहेगा।

## संरा दूत ने सीरिया में इज़रायल की सैन्य वृद्धि की निंदा की


**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र विशेष दूत ने सीरिया में हवाई हमलों सहित इजरायल की सैन्य वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही उल्लंघनों को रो. कने और संघर्ष को तेज करने से परहेज करने का आह्वान किया। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने एक बयान में चेतावनी दी। पहले से ही नाजुक स्थिति को अस्थिर करने, क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के प्रमुख सिद्धांतों के अनुरूप तनाव कम करने और स्थाई राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में प्रयासों को कमजोर करने का जोखिम है।

## ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपात लैंडिंग



**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3-25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3-42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## बिना चीरफाड़ बढ़ते कैंसर पर रहेगी नजर



**यरुशलम।** इजरायल के शोधकर्ताओं ने इंसान के शरीर के कैंसर के फैलाव के स्तर को पता लगाने के लिए नई विधि टोमोग्राफी विकसित की है जिसके माध्यम से ऊतकों में गहरी आणविक प्रक्रियाओं पर बिना चीरफाड़ नजर रखा जा सकेगा।

इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नियन) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विधि को रासायनिक टोमोग्राफी कहा जाता है, जो शोधकर्ताओं को विभिन्न चरणों में कैंसर की प्रगति को ट्रैक करने, कैंसर जीव विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने और कैंसर के फैलाव में शामिल जैव रासायनिक मार्गों, चयापचय मार्करों और आणविक प्रक्रियाओं का मानचित्रण करने की अनुमति देता है। यह विधि ग्राफीन-आधारित सेंसर सारणी का उपयोग करके सांस, लार, पसीने और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करके ऊतक कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जिसमें ग्राफीन सेंसर आंख के रूप में कार्य करते हैं और डेटा को संसाधित करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्गेनोइड्स और थ्री डी सेल-आधारित मॉडल में संरचनात्मक और आणविक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी की अनुमति देता है (जो प्राकृतिक ऊतकों की विशेषताओं को दोहराते हैं), जो जैव चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तकनीकों के विपरीत (जो अक्सर ऊतकों को नुकसान पहुंचाती हैं या गहरी ऊतक प्रक्रियाओं की निगरानी करने में विफल रहती हैं) यह विधि कम लागत वाली, सटीक और बिना चीरफाड़ वाला समाधान प्रदान करती है।

## आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाएंगे भारत-ब्रिटेन

### जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद।

जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
द्वितीय युवा महोत्सव-2025
(03 - 08 मार्च 2025)
के अंतर्गत आयोजित
अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
06 मार्च 2025 गुरुवार, सायं 7 बजे से
गरिमामयी आतिथ्य
मुख्य अतिथि: श्री कंवर सिंह तंवर जी, माननीय सांसद, अमरोहा
सान्निध्य विशेष: डॉ. हरि सिंह ढिल्लो जी, माननीय सदस्य विधान परिषद, उ.प्र.
विशिष्ट अतिथि: श्रीमती शशि जैन जी, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद, अमरोहा
आमंत्रित कविगण
• डॉ. अनामिका अंबर • डॉ. प्रतीक गुप्ता
• सौरभ जैन 'सुमन' • गौरव गुप्ता
• सरदार प्रताप फौजदार
डॉ. अनामिका अंबर
-: विनम्र निवेदन :-
श्रीमंत/श्रेया! इस पावमानी वेला में आपकी उपस्थिति सानुरोध प्रार्थनीय है। धन्यवाद।
भवनिष्ठ
संजय मालीवाल, प्रधान, प्रबंध समिति
योगेश कुमार जैन, मंत्री, प्रबंध समिति
प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow; 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur; S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala, MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow; 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.); D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर) NEET-PMT/JEE-IIT/CUET नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt.; 2016 Amjad Med. Coll. SRE; S/O DR.SHAHID AHMED S/O MD. ISLAM AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut, Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli; 2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur; 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria; D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.; 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur; D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108